


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल





ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 242 | ग्वालियर, बुधवार, 21 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता में सख्त प्रावधान



**नई दिल्ली।** साल 2024 के चुनावों से पहले समान नागरिक संहिता को लेकर चर्चा तेज हो गई है. बीजेपी शासित प्रदेशों में इसे लेकर खूब चर्चा है. इसी बीच उत्तराखंड देश का ऐसा पहला राज्य बनने जा रहा है, जहां यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होगा. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस बात का ऐलान किया है. अब उत्तराखंड में लागू होने जा रहे यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर कुछ बातें सामने आई हैं, जिनमें बताया गया है कि इस कानून के तहत क्या-क्या होगा और उल्लंघन करने पर कौन से अधिकार छीन लिए जाएंगे. सामने आई जानकारी के मुताबिक उत्तराखंड में लागू होने जा रहे यूनिफार्म सिविल कोड में जनसंख्या नियंत्रण को भी शामिल किया गया है. समवर्ती सूची की एंट्री 20 के आधार पर इसे शामिल किया जा रहा है. इसमें जनसंख्या नियंत्रण के अलावा फैमिली प्लानिंग भी शामिल है. इसे यूनिफॉर्म सिविल कोड में संसद में पेश किए गए 2018 के तर्ज पर शामिल किया जाएगा. इस कानून के तहत जो प्रावधान सामने आए हैं, वो काफी सख्त हैं. इस बिल के तहत दो बच्चों के नियम का उल्लंघन करने वाले लोगों को वोट डालने का अधिकार नहीं दिया जाएगा. इसके अलावा सरकारी सुविधाओं का अधिकार भी छीना जा सकता है. उत्तराखंड की तेजी से बदलती डेमोग्राफी को देखते हुए ये फैसला लिया गया है. उत्तराखंड में बीजेपी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड को अपने चुनावी घोषणापत्र में शामिल किया था. सरकार बनने के बाद जिस पर काम शुरू हो गया है. अब सीएम धामी ने बताया है कि जल्द इसे लागू किया जा सकता है. राजधानी देहरादून में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे थे, जहां सीएम पुष्कर सिंह धामी ने ये ऐलान किया. इस दौरान राजनाथ सिंह ने भी बेहतर समाज और राष्ट्र के लिए यूसीसी को जरूरी बताया. सीएम धामी ने दावा किया कि प्रदेश के लोगों का यूसीसी को पूरा समर्थन मिल रहा है. उन्होंने कहा कि ष्टष्ट किसी वर्ग विशेष के लिए नहीं बल्कि समस्त जन सामान्य के लिए है. सबके उत्थान के लिए हम इसे ला रहे हैं.

### पंजाब में 'सीएम दी योगशाला' की शुरुआत



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में 21 जून योग दिवस के रूप में मनाया जाता है. इस मौके पर पंजाब सरकार ने आज (20 जून) योग का आयोजन किया है. सरकार की योगशाला कार्यक्रम के फेज 2 की शुरुआत पर पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ बलबीर सिंह ने आयोजन को लेकर जानकारी दी. स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस कार्यक्रम का मकसद लोगों की सेहत ठीक रखना है. योग शुरू करने के लोग फिजिकल और मेंटल स्वस्थ रहेंगे. जिससे सोशल और इकनॉमिक तौर पर पंजाब मजबूत हो सके. डॉ बलबीर सिंह ने कहा, आज बहुत सारे जिलों से लोग आए है. लोगों की डिमांड बढ़ रही है. पहले हमने पांच शहरों में शुरू करना था, लेकिन जालंधर में उपचुनाव के चलते नहीं हो पाया था. हालांकि अब जालंधर को जोड़ते हुए 5 शहरों में शुरू कर रहे हैं. इसके बाद डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर में शुरू करेंगे और फिर सब डिस्ट्रिक्ट में भी इसे शुरू करेंगे. उसके बाद फिर गांव-गांव तक पहुंचेंगे. स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि योग कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली में भी किया था, लेकिन वो बंद हो गया. केजरीवाल सरकार पर राजनीति करने का आरोप लगाया गया. उन्होंने कहा कि इस पर जो राजनीति होती है. वो घटिया है. पंजाब में ये बंद नहीं करवा पाएंगे. दिल्ली में इन्होंने बंद करवा दिया था. लोगों के बीच इसकी काफी डिमांड है. हम वो सभी काम पंजाब में करेंगे जो काम हम दिल्ली में नहीं कर पाएं. योग के लिए 25 लोगों पर एक योगा टीचर होगा. हर टीचर रोजाना चार क्लास लेगा और जैसे-जैसे डिमांड बढ़ती रहेगी हम और भी योगा ट्रेनर उतारेंगे. योगा डे (21 जून) से एक दिन पहले कार्यक्रम आयोजित करने का मकसद पूछे जाने पर डॉक्टर सिंह ने कहा कि हम कल भी करेंगे परसों भी करेंगे. हालांकि स्टेट का प्रोग्राम एक दिन पहले होता है, जिस वजह से हमने इसको आज शुरू किया.

### औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाई है कांग्रेस

**नई दिल्ली।** गोरखपुर स्थित गीता प्रेस को साल 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार देने का ऐलान होते ही इस पर विवाद शुरू हो गया. कांग्रेस नेताओं ने इस कदम का विरोध किया और कहा कि ये एक मजाक की तरह है, इसके अलावा इस कदम की तुलना गोडसे और सावरकर को पुरस्कार देने से भी की गई. अब इस मामले को लेकर हिंदू संगठन विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने कांग्रेस को जवाब दिया है. कांग्रेस अभी तक अपनी औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त नहीं हुई और उसका बयान उसकी हताशा को दिखा रहा है. विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि पिछले 100 सालों से गीता प्रेस ने निस्स्वार्थ व निष्ठा भाव से भारतीय सद-साहित्य, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक साहित्य बहुत साधारण मूल्यों पर जन सामान्य को उपलब्ध कराया है. उन्होंने कहा कि गीता प्रेस ने भाषा, व्याकरण व शब्दावली की उत्कृष्टता, छपाई की उत्तमता, बिना विज्ञापन लिए पुस्तक व पत्र-पत्रिकाओं को जन-जन तक पहुंचाया है. उनको गांधी शांति पुरस्कार मिलना हनुमान प्रसाद पोद्दार और जयदयाल गोयनका जैसे लोगों की साधना की स्वीकार्यता ही है. विहिप के केंद्रीय कार्याध्यक्ष ने कांग्रेस के बयान की निंदा करते हुए कहा, ''मुझे दुःख है कि कांग्रेस अभी तक अपनी औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त नहीं हुई.'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस की तरफ से इसकी गोडसे से तुलना करना पूरे भारतीय आध्यात्मिक वांग्मय के अपमान के समान है. कुमार ने कहा, ''मैं समझता हूं कि कांग्रेस का यह बयान अपमानजनक है. मैं इसकी निंदा करता हूं और गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस को दिए जाने के फैसले के लिए सरकार को साधुवाद देता हूं.''कांग्रेस ने गीता प्रेस को पुरस्कार दिए जाने के ऐलान के बाद इसकी आलोचना की और इसे 'उपहास' बताया. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ''यह फैसला असल में एक उपहास है और सावरकर-गोडसे को पुरस्कार देने जैसा है.''

### लोग कहते हैं भारत तटस्थ है, लेकिन

# अमेरिकी अखबार से बोले पीएम मोदी कहा- किसी की जगह नहीं लेना चाहते

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की राजकीय यात्रा के लिए निकल चुके हैं. पीएम मोदी की ये पहली राजकीय यात्रा है, जिसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन ने उन्हें न्योता दिया था. ऐतिहासिक यात्रा से पहले पीएम मोदी ने अमेरिका के प्रमुख अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल को एक्सक्लूसिव इंटरव्यू दिया है. इंटरव्यू में पीएम मोदी ने भारत की विश्व राजनीति में भूमिका, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार और चीन के साथ संबंधों पर बात की है. पीएम मोदी ने कहा कि अमेरिका और भारत के नेताओं के बीच एक अभूतपूर्व विश्वास है. पीएम मोदी ने विश्व राजनीति में भारत के रोल पर बात करते हुए कहा, भारत एक अधिक ऊंची, गहरी और व्यापक प्रोफ़ाइल और एक भूमिका का हकदार है. भारत किसी देश की जगह लेने की कोशिश नहीं कर रहा है. इस प्रक्रिया को भारत के विश्व में अपना सही स्थान प्राप्त करने के रूप में देखा जाना चाहिए.



पीएम मोदी ने कहा, आज दुनिया परस्पर कहीं अधिक जुड़ी हुई है और एक दूसरे पर आश्रित है. दुनिया को लचीला बनाने के लिए सप्लाई चेन को अधिक विविधतापूर्ण होना चाहिए. चीन के साथ रिश्तों के सवाल पर पीएम मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों में सामान्य संबंध होने के लिए सीमा पर अमन-चैन का होना जरूरी है. उन्होंने कहा, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने, कानून के शासन का पालन करने और मतभेदों और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान में विश्वास रखते हैं, लेकिन भारत अपनी संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार और प्रतिबद्ध है. पीएम मोदी ने कहा, सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय कानून और दूसरे देशों की संप्रभुता सम्मान करना चाहिए. विवादों को कूटनीति और संवाद से सुलझाया जाना चाहिए, न कि युद्ध से. भारत किस पाले में खड़ा है, इस सवाल पर पीएम मोदी ने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि हम तटस्थ हैं, लेकिन हम तटस्थ नहीं हैं. हम शांति के पक्ष में हैं. दुनिया को पूरा भरोसा है कि भारत की सर्वोच्च प्राथमिकता शांति है. भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में स्थायी जगह की मांग करता रहा है. अभी सुरक्षा परिषद में- अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन- पांच स्थायी सदस्य है. पीएम मोदी ने कहा, परिषद की वर्तमान सदस्यता का मूल्यांकन होना चाहिए और दुनिया से पूछा जाना चाहिए कि क्या वह चाहती है कि भारत वहां रहे. रूस-यूक्रेन युद्ध पर पीएम मोदी ने कहा, भारत जो कुछ भी कर सकता है, वो करेगा और संघर्ष को समाप्त करने और स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के सभी वास्तविक प्रयासों का समर्थन करता है. पीएम मोदी ने कहा, मैं स्वतंत्र भारत में जन्म लेने वाला पहला प्रधानमंत्री हूं. मेरी विचार प्रक्रिया, मेरा आचरण, मैं जो कहता और करता हूं, वह मेरे देश की विशेषताओं और परंपराओं से प्रेरित और प्रभावित है. मुझे इससे अपनी ताकत मिलती है. मैं अपने देश को दुनिया के सामने वैसा ही पेश करता हूं जैसा मेरा देश है और खुद को उसी तरह, जैसा मैं हूं.

## चीन के मोर्चे पर बड़ा कदम- वियतनाम को मिसाइल युद्धपोत आईएनएस कृपाण गिफ्ट में देगा भारत

**नई दिल्ली।** चीन के साथ जारी लगातार तनाव के बीच भारत ने एक अहम ऐलान किया है. भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम के रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग से बातचीत की और ऐलान किया कि भारत वियतनाम की नौसेना को स्वदेश निर्मित मिसाइल युद्धपोत आईएनएस कृपाण गिफ्ट के तौर पर देगा. जियांग दो दिन की भारत यात्रा पर आए हैं. रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में ये जानकारी दी. चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच दोनों देशों के बीच रिश्तों में मजबूती को काफी अहम माना जा रहा है. रक्षा मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि दोनों पक्षों ने अनेक द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पहलों की प्रगति का जायजा लिया और साझेदारी पर संतोष जताया. मंत्रियों ने विशेष रूप से रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा और बहुराष्ट्रीय सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों को बढ़ाने के साधनों की पहचान की. दोनों पक्ष द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर केंद्रित रहे हैं और दक्षिण चीन सागर में हालात की समीक्षा कर रहे हैं.



दरअसल साउथ चाइना सी में चीन का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है. जिसे देखते हुए भारत के इस कदम को काफी अहम माना जा रहा है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि स्वदेश निर्मित मिसाइल युद्धपोत आईएनएस कृपाण को उपहार में देना वियतनाम की नौसेना की क्षमताओं के बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा. इस मौके पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए. जनरल जियांग 18 जून को दो दिन के दौरे पर भारत आए थे. वियतनामी रक्षा मंत्री ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) मुख्यालय का दौरा किया और रक्षा अनुसंधान और संयुक्त उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाकर रक्षा उद्योग क्षमताओं को विस्तार देने के तरीकों पर चर्चा की. इससे पहले जनरल जियांग ने तीनों सेनाओं की सलामी गारद का निरीक्षण किया और राष्ट्रीय समर स्मारक पर जवानों को श्रद्धांजलि दी. रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में वियतनाम एक महत्वपूर्ण साझेदार है. जुलाई 2007 में वियतनाम के तत्कालीन प्रधानमंत्री गुयेन तान दुंग की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों का स्तर 'रणनीतिक साझेदारी' के स्तर पर पहुंच गया था. प्रधानमंत्री मोदी की 2016 में हुई वियतनाम की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंध मजबूत होकर 'समग्र रणनीतिक साझेदारी' के स्तर पर पहुंच गये थे.

## दिल्ली के 2 करोड़ लोगों की जिम्मेदारी किसकी?



**नई दिल्ली।** दिल्ली अध्यादेश के खिलाफ केंद्र सरकार और केजरीवाल सरकार के बीच छिड़ी सियासी जंग शांत होने का नाम नहीं ले रही है. इस बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर गवर्नर वीके सक्सेना को एक चिट्ठी लिखकर चिंता जताई है. अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार (20 जून) को दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर गवर्नर और केंद्रीय गृह मंत्रालय पर सवाल खड़े किए हैं. अरविंद केजरीवाल की ओर से गवर्नर को भेजे गए पत्र को ट्वीट करते हुए लिखा गया है, दिल्ली का हर नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहा है. दिल्ली की कानून व्यवस्था के लिए सीधे एलजी और गृह मंत्री जिम्मेदार हैं. नागरिकों, विधायकों और आरडब्ल्यूए के साथ मिलकर कानून व्यवस्था सुधारी जाए. थाना लेवल कमिटी फिर से शुरू की जाए.

**अरविंद केजरीवाल ने लगाए गंभीर आरोप-** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम ने पत्र में गवर्नर और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि बीते 24 घंटों में दिल्ली के अलग-अलग हिस्से में चार हत्याएं हो चुकी हैं. ये घटनाएं दिल्ली में कानून व्यवस्था के हालात बताने के लिए काफी हैं. केजरीवाल ने कहा, दिल्ली के दो करोड़ नागरिकों की ओर से दी गई संवैधानिक जिम्मेदारी के तहत मैं आपसे उनकी जिंदगी की सुरक्षा के लिए अपील करता हूं. मैं कानून-व्यवस्था का राज कायम करने के लिए कोई भी सहायता करने को तैयार हूं. बीते साल सामने आए एनसीआरबी के आंकड़े केंद्रीय गृह मंत्रालय और गवर्नर की आंखे खोलने वाले हैं. पत्र में कहा गया है कि ये दोनों ही दिल्ली में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया. एनसीआरबी के डेटा के मुताबिक, देश के 19 मेट्रोपॉलिटन शहरों में से अकेले दिल्ली में ही महिलाओं के खिलाफ अपराधों का आंकड़ा 32.20 प्रतिशत है. इसके बावजूद जमीन पर कुछ भी नहीं बदला है. उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस में जवानों की कमी के कारण नागरिकों को अपनी जान और संपत्ति की सुरक्षा के लिए निजी सुरक्षा गार्ड रखने पड़ रहे हैं. उन्होंने कहा कि रात में पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ाना और नागरिकों के साथ समन्वय बनाना वक्त की जरूरत है. उन्होंने कहा कि मैं अपने कैबिनेट के साथियों की आपके साथ एक बैठक का प्रस्ताव रखता हूं. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए जा सकते हैं कि वो विधायकों, पार्षदों और आरडब्ल्यूए के साथ बैठक करके राष्ट्रीय राजधानी में अपराध को कम करने के तरीकों पर सुझाव दें. थाना लेवल कमेटियों को फिर से शुरू किया जाए.

## काले नकाब से चेहरा ढंककर तोड़े जा रहे गाड़ियों के शीशे

**नई दिल्ली।** पूणे में बीते कुछ दिनों से कार मालिकों के साथ अजीब घटना हो रही है. दरअसल उनकी महंगी कारों को बीते कुछ दिनों से 6 अज्ञात लोग चेहरे पर काला कपड़ा बांधकर लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं और गाड़ियों में तोड़-फोड़ कर रहे हैं. सोमवार (19 जून) को वारजे रोड नहर पर 7 कारों के शीशे तोड़ दिए गए थे. वहीं बीती रात वंशीव स्लम एरिया में 30 कारों के साथ तोड़-फोड़ की गई थी. गांव के नागरिकों का कहना है कि काले रंग की एक्टिवा दोपहिया वाहन पर सवार 3 से अधिक अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ऐसा किया गया है.



स्थानीय कार मालिकों ने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. आरोपियों की तलाश जारी है. नागरिकों ने उचित कार्रवाई कर पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने की मांग की है, लेकिन पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं. हालांकि ऐसा नहीं है कि पूणे में हुई यह घटना अपनी तरह की कोई नई घटना हो. इसके पहले भी पूर्व में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं. कुछ महीनों पहले गुरुग्राम में भी ऐसी ही घटनाएं हुई थी जिसमें सेक्टर 67 में कुछ अज्ञात लोगों ने 25 कारों के शीशे तोड़ दिए थे. पुलिस ने बताया कि घटना रात 1.30 बजे से 2 बजे के बीच हुई. दो हथियारबंद संदिग्ध मौके पर पहुंचे और रॉड, बीयर की बोतलों और पत्थरों से कारों के शीशे तोड़कर तोड़फोड़ की. पुलिस ने बताया कि आवासीय परिसर के अंदर फिलहाल अभी कोई पार्किंग की जगह नहीं है, जिसके कारण सोसायटी के लोग एक व्यापारिक परिसर के पास निजी ठेकेदारों द्वारा प्रतिबंधित पेड पार्किंग क्षेत्रों में अपनी कार पार्क कर सकते हैं. पुलिस ने कहा कि निजी एजेंसी पर अपने अपार्टमेंट को सुरक्षा प्रदान करने पर भी संदेह व्यक्त किया है क्योंकि उन्होंने निवासियों को व्यापारिक परिसर के पास कार पार्क नहीं करने के लिए कहा था.

## रेप के दोषी को 135 साल की सजा

**नई दिल्ली।** केरल की एक अदालत ने अपनी चचेरी बहन के साथ बलात्कार करने के मामले में शख्स को 135 साल की कारावास की सजा सुनाई है. शख्स पर आरोप साबित हुआ है कि उसने चचेरी बहन के साथ कई बार दुष्कर्म किया और उसे गर्भवती भी कर दिया. एडवोकेट ने बताया कि पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया है जो बाल कल्याण समिति की देखरेख में है. हरिपद फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के जज साजी कुमार ने 24 साल के व्यक्ति को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम भारतीय दंड संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत अलग-अलग सजा सुनाई है. लोक अभियोजक रघु के. ने बताया कि सभी मामलों में दोषी को कुल 135 साल की सजा सुनायी गयी है. उन्होंने बताया कि हालांकि सभी सजा एक साथ चलेंगी.

# मणिपुर हिंसा की चौंकाने वाली तस्वीर, पुलिस थानों पर हमला

**नई दिल्ली।** मणिपुर में दो गुटों में शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है. मई के दूसरे हफ्ते में शुरू हुई हिंसा अब इस हद तक पहुंच चुकी है कि भीड़ हाथ में कुल्हाड़ी, डंडे, और गुलेल लेकर पुलिस थानों तक पर हमला कर दे रही है और वहां से हथियारों को लूट कर लेकर चली जा रही है. मणिपुर पुलिस ने इस घटना को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है, और बताया है कि लगभग 10 हजार से अधिक महिलाओं-पुरुषों ने हाथ में कुल्हाड़ी, तलवार और गुलेल लेकर पुलिस थाने के शस्त्रागार (वह जगह जहां हथियार रखे जाते हैं) में रखे महत्वपूर्ण हथियार जैसे कि रायफल, कर्बाइन लूट लिए हैं.

हिंदुस्तान टाइम्स में छपी रिपोर्ट के मुताबिक हिंसा शुरू होने के बाद से खबर लिखे जाने तक मणिपुर पुलिस ने ऐसी 22 घटनाओं की एफआईआर दर्ज कराई है जिसमें पुलिस ने अपने ऊपर हमला होने और हथियार लूटे जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हिंसा के हालात ऐसे हैं कि राज्य में पुलिस ही नहीं



सुरक्षित है तो फिर आम लोगों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है. बीते रविवार को मई से चल रही हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के सीएम मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने सोमवार (19 जन) को लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने राज्य में हिंसा बंद नहीं की तो, उन्हें परिणाम भुगतने होंगे. सिंह ने पत्रकारों के जरिए संदेश देते हुए कहा, इस हिंसा को बंद कर दीजिए वरना, परिणाम भुगतने होंगे. मैं हथियार थामे मेइती लोगों से अपील करता हूं कि वे किसी पर हमला न करें और शांति बनाए रखें, ताकि हम राज्य में सामान्य हालात बहाल कर सकें. मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में रविवार देर रात 11 बज कर करीब 45 मिनट पर अज्ञात लोगों ने बिना उकसावे के गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें सेना का एक जवान चोटिल हो गया.एक अधिकारी ने बताया कि जवान को लीमाखोंग के सैन्य अस्पताल ले जाया गया और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है. अधिकारी के अनुसार, घटना लीमाखोंग (चिंगमांग) के कांतो सबाल गांव में घटी. घटना के बाद सेना के जवानों ने इलाके में ग्रामीणों की उपस्थिति का ध्यान रखते हुए सीमित गोलीबारी की.

### बहुजन समाज पार्टी और भीम आर्मी में दिया

# ग्वालियर बायपास पर बाबा साहब की मूर्ति स्थापित करने के लिए ज्ञापन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी। खबर जिला कलेक्टर परिसर शिवपुरी से निकल कर आ रही है जहां जनसुनवाई के दौरान आए बहुजन समाज पार्टी और भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष व पार्टी कार्यकर्ताओं ने आज कलेक्टर को ग्वालियर बायपास चौराहे पर 2002 में बाबा साहब के नाम पर स्वीकृत हुई जो की मूर्ति अभी तक स्थापित नही है जिसमे बाबा साहेब की मूर्ति को स्थापित करने के विषय में ज्ञापन दिया। जबकि कुछ समय पहले आई शिवपुरी जिले की विधायक यशोधरा राजे सिंधिया द्वारा इस मूर्ति को लेकर कहा गया की ग्वालियर बाईपास चौराहे पर उनकी माताजी अम्मा महाराज की मूर्ति स्थापित की जाए इसको लेकर बहुजन समाज पार्टी और भीम आर्मी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश पैदा हो गया है क्योंकि 2002 में ग्वालियर बायपास शिवपुरी में 2002 में रहे कलेक्टर के द्वारा बाबा साहब की मूर्ति को स्थापित करने का प्रस्ताव दिया गया था इससे पहले भी कई चौराहों पर बाबा साहब की मूर्ति स्थापित करने के लिए ज्ञापन दिए गए हैं लेकिन अभी तक किसी भी चौराहे पर बाबा साहब की मूर्ति स्थापित नही की गई चाहे पोहरी चौराहे पर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा स्थापित हो चुकी हैं, परंतु आज भी ग्वालियर बायपास चौराहा खाली पडा हुआ हैं. इस संबंध में बहुजन समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के माध्यम से कई बार प्रतिमा स्थापित करवाये जाने हेतु



माननीय राज्यपाल महोदय को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया हैं, जिसमें प्रतिमा स्थापित करवाये जाने का आश्वासन दिया गया हैं। लेकिन मूर्ति की स्थापना नही की गई हैं जिसे अब बहुजन समाज बर्दाश नहीं करेगी। बाबा साहब की प्रतिमा वर्ष 2002-03 में अजाक्स अध्यक्ष श्री कमल कोडे के घर पर रखी हुई है, और प्रतिमा पर धूल मिट्टी चढ रही है और बाबा साहब का अपमान हो रहा है। इसलिए श्रीमान संज्ञान में लेते हुए प्रतिमा स्थापित शीघ्र ही कराई जायें। पेपर के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि कलेक्टर कार्यालय में नगरीय प्रशासन की बैठक श्रीमान की मौजूदगी में बाबा साहब की प्रतिमा ग्वालियर बायपास पर न रखते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का स्थापित कराये की जानकारी प्राप्त हुई हैं जिससे बहुजन समाज पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं बाबा साहब के चाहने वाले अनुयाईयों में भारी रोस व्याप्त हैं। अगर बाबा साहब की प्रतिमा ग्वालियर बायपास चौराहे पर नहीं की गई तो दलित शोसित पीडित के हजारों लोगों की मौत से जिला प्रशासन को गुजरना पडेगा। पूर्व में भी श्रीमान को आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया ताकि माधव चौक चौराहा पेट्रोल पंप के पास स्थापित संविधान निर्माता बाबा सहाब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा जो काफी वर्षो से स्थापित थी. जिसको आसामाजिक तत्वो द्वारा खण्डित कर बाबा साहब का सिर एवं हाथ तोड दिया गया हैं, एवं बाबा साहब के परिसर को भी दुकानदारो द्वारा कब्जा कर लिया है, जिससे बहुजन समाज के लोगों एवं चाहने वाले अनुयायीयों में काफी रोष व्याप्त है, जबकि श्रीमान अन्य महापुरूषों की प्रतिमा का जीर्णोद्धार नगर पालिका परिसर करवाया जा रहा हैं। इसलिए शीघ्र ही पुनः दूसरे प्रतिमा स्थापित की जावें और दुकानदारो द्वारा किये गये कब्जे से मुक्त करवाया जायें।



## नवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम आज मानस भवन में

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-आयुष विभाग द्वारा नवां अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर ''वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग'' थीम पर 21 जून को प्रातः 6 बजे से गांधी पार्क स्थित मानस भवन में योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नवां अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर जिले में आयोजित सामूहिक योग कार्यक्रम में सभी सहभागियों की उपस्थिति प्रातः 6 बजे, अतिथियों का उद्बोधन प्रातः 6.02 बजे, मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रातः 6.10 बजे, सामान्य योग अभ्यास क्रम प्रातः 7 बजे से 7.45 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संपूर्ण प्रदेश में जिला, विकासखण्ड एवं पंचायत स्तर पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम का वृहद आयोजन किया जाना है। इन कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों (उच्च शिक्षा, चिकित्सा, तकनीकी शिक्षा, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि/शिक्षा) पॉलिटेक्निक, आई.टी.आई. एवं समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों के अलावा अन्य समस्त शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। साथ ही योग संस्थानों, एन.सी.सी., एन.एस.एस., पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन तथा आम नागरिक भी सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस मौके पर सामूहिक सूर्य नमस्कार में प्रार्थना मुद्रा, हस्ता उत्तानासन, पादहस्तासन, अश्वहसंचालनासन, पर्वतासन, अष्टांशगनमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन, अश्वहसंचालनासन, पाद हस्तासन, हस्त उत्तागसनासान, प्रार्थनामुद्रा, अनुलोम, विलोम एवं भ्रामरी की मुद्रा आदि क्रियाएं की जाएगी।

## करैरा पुलिस ने 15 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी-शिवपुरी जिले के करैरा थाना पुलिस ने एक बार फिर स्मैक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 15 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। बता दें कि करैरा थाना पुलिस एक माह के भीतर 2 लाख रुपए की स्मैक जब्त कर चुकी है। करैरा थाना प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि दो बाइक सवार गल्ला मंडी के पीछे स्मैक बेच रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पुलिस टीम को पहुंचाया गया था। जहां पुलिस टीम ने दो संदिग्ध लोगों को पकड़कर उनकी तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 15 ग्राम स्मैक को जब्त किया गया। पुलिस पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम विवेक यादव पुत्र पवन यादव उम्र 21 साल निवासी ग्राम कारोठा दूसरे ने अवनीश यादव पुत्र उधम सिंह यादव उम्र 19 साल निवासी कारोठा बताया था। दोनों आरोपियों के पास से 2 लाख 25 हजार रुपए की कीमत की 15 ग्राम स्मैक, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और एक बाइक को बरामद किया है।

## महाविद्यालय, आई.टी.आई. एवं पॉलीटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राएं छात्रावास में प्रवेश हेतु संपर्क करें

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-जिले के महाविद्यालय, आई.टी.आई. एवं पॉलीटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राएं शासकीय पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास बडौदी तथा शासकीय पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास कमलागंज में प्रवेश हेतु संबंधित अधीक्षक एवं अधीक्षिका से संपर्क कर सकते है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण के सहायक संचालक ने बताया कि जिला स्तर पर शासकीय पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास बडौदी शिवपुरी 100 सीट तथा शासकीय पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास कमलागंज शिवपुरी 50 सीटस के शासकीय भवनों में संचालित किये जा रहे है। दोनों छात्रावासों में आवास, पेयजल, विद्युत तथा खेल मैदान आदि की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध है। नवीन सत्र 2023-24 में महाविद्यालयीन/आई.टी.आई. पॉलीटेक्निक कॉलेजों में पिछड़ा वर्ग के प्रवेश हेतु पोस्ट मैट्रिक स्तर के छात्र-छात्राओं की सीट रिक्त है। शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, आई.टी.आई.पॉलिटेक्निक कॉलेजों में ग्रामीण क्षेत्रों के पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रावासों में प्रवेश हेतु शासकीय पो.मे. बालक छात्रावास बडौदी शिवपुरी के अधीक्षक पवन अवस्थी के मोबाईल न. 7000477542 एवं शासकीय पिछड़ा वर्ग पो.मे.कन्या छात्रावास कमलागंज की अधीक्षिका संगीता सोनी के मो.नं. 6268093371 पर सम्पर्क कर सकते है।

## वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर कांग्रेसियों ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको याद किया गया

वार्ड क्रमांक 13 में शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष प्रदीप रजक के नेतृत्व में महारानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर श्रद्धा सुमन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष रामनिवास रावत द्वारा उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको याद किया शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष प्रदीप रजक में वीरांगना लक्ष्मी बाई जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लक्ष्मीबाई भारत के किसी राजे रजवाड़े की केवल महारानी भर नहीं थीं बल्कि वीरता व साहस की ऐसी मिसाल थीं जो बुंदेलखंड में आज एक किवदंती बन चुकी हैं उनकी वीरगाथा झांसी और उसके आसपास के क्षेत्रों के साथ पुरे देश के चप्पे चप्पे में गाई जाती है उनकी साहस और धैर्य को देखकर उनके वीरता के मुरीद उनके विरोधी अंग्रेज तक हो गए थे जिसका प्रमुखता से उल्लेख कुछ इतिहासकारों ने भी किया है। 1857 में सिपाही विद्रोह् के रूप में आजादी को लेकर शुरू हुई भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की पहली लड़ाई भारत देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है इसमें रानी लक्ष्मी बाई की वीरता का गुणगान आज भी किया जाता है जिन्होंने 16 साल की उम्र में ही अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया था 18 जून को रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि को देश बलिदान दिवस के रूप में उन्हें याद करता है उनके जीवन का आखिरी दिन वीरता की एक अनोखी कहानी है जिन्होंने अपने राज्य और हक के लिए लड़ते लड़ते अपना बलिदान दे दिया था जो एक अनूठी मिसाल है।

## ज्ञेयसागर का ज्ञानतीर्थ पर वर्षायोग हेतु हुआ मंगल आगमन

### ब्र. नितिन भैयाजी, प्रदीप पियूष, संजय भैयाजी के निर्देशन में होगी मुनिदीक्षा

मुरैना (मनोज नायक) जैन संत श्री ज्ञेयसागर महाराज का ज्ञानतीर्थ क्षेत्र पर वर्षायोग हेतु भव्य मंगल प्रवेश हुआ । मुरैना की सरजमीं में जन्मे जैन संत गुरुदेव सराकोद्धारक षष्ठ पट्टाचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर महाराज का पावन वर्षायोग 2023 ज्ञानतीर्थ मुरैना में होना सुनिश्चित हुआ है । पूज्य गुरुदेव श्री ज्ञेयसागर, मुनिश्री ज्ञातसागर एवम संघस्थ ब्रह्मचारी नवीन भैयाजी वी महावीर भैयाजी आगरा से पद बिहार करते हुए ज्ञानतीर्थ मुरैना पधारे । ज्ञानतीर्थ महाआराधक परिवार, श्री पार्श्वनाथ दि. जैन बड़ा मंदिर कमेटी मुरैना, अतिशय क्षेत्र टिकटोली कमेटी, ज्ञानतीर्थ युवा संघ द्वारा घड़ियाल केंद्र देवरी पहुचकर पूज्य आचार्य संघ की अगवानी की गई । घड़ियाल केंद्र से भव्य मंगल प्रवेश शोभायात्रा प्रारंभ होकर गाजेबाजे के साथ ज्ञानतीर्थ जैन मंदिर पहूंचीं। ज्ञानतीर्थ पर गुरुभक्तों द्वारा आचार्य श्री ज्ञेयसागर महाराज एवम मुनिश्री ज्ञातसागर महाराज के पाद प्रक्षालन किया गया । क्षेत्र पर विराजमान ब्रह्मचारिणी बहिन अनीता दीदी, मंजुला दीदी, ललिता दीदी आदि सभी ने आरती उतारकर आचार्य संघ की अगवानी की । रविवार 2 जुलाई को दोपहर 1 बजे से पावन बर्षायोग 2023 मंगल कलश स्थापना समारोह मनाया जायेगा। कलश स्थापना से पूर्व 23 जून को दोपहर 1 बजे से आचार्य श्री ज्ञेयसागर महाराज के करकमलों द्वारा संघस्थ बाल ब्रह्मचारी नवीन भैयाजी को जैनेश्वरी मुनि दीक्षा प्रदान की जाएगी । मुनि दीक्षा संस्कार की समस्त क्रियाएं बा.ब्र. नितिन भैयाजी खुरई, प्रदीप जैन ÷पियूष÷ जबलपुर, संजय भैयाजी मुरैना, ब्र. ब. अनीता दीदी, मंजुला दीदी, ललिता दीदी के निर्देशन में सम्पन्न होगीं । जैन साधु साध्वियां वर्षाकाल के चार माह एकही स्थान पर रहकर साधना करते हैं । वैसे तो वर्षाकाल चार माह का यानिकि 120 दिन के होते है । लेकिन इस वर्ष हिंदी माह के अनुसार एक माह बड़ने से पांच माह यानिकि 149 दिन के होगें । आचार्य श्री के वर्षायोग की व्यवस्थाओ के कुशल संचालन हेतु एक समिति का गठन किया गया है, जिसकी घोषणा होना अभी शेष है । सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षायोग समिति में अध्यक्ष योगेश जैन (खतोली वाले) दिल्ली, मुख्य संयोजक रूपेश जैन (चांदी वाले) आगरा, संयोजक जिनेश जैन कालू मुरैना, अर्थ संयोजक अनिल बरैया (बैंक वाले), वीरेंद्र जैन मुरैना, मीडिया प्रभारी मनोज नायक मुरैना, प्रचार संयोजक अभिषेक जैन को बनाए जाने की पूर्ण संभावना है । आज ज्ञानतीर्थ पर मंगल प्रवेश के समय महेशचंद जैन, धर्मेंद्र जैन, राजेंद्र भंडारी, डॉ.मनोज जैन, विमल जैन, जिनेश जैन, विजय जैन, नीलेश जैन, राहुल जैन, दिनेश जैन, पंकज जैन, अनूप भंडारी, विनोद जैन, नितिन जैन, सौरभ जैन, सोनू जैन, प्रदीप जैन, सुनील जैन, पारस जैन, कुशल जैन सहित अनेकों गुरुभक्त उपस्थित थे।



## 1 जुलाई को ग्वालियर में केजरीवाल, भगवंत मान की रैली के लिए सबलगढ़ से 3000 लोग होंगे शमिल: कर्नल उमेश वर्मा

ग्वालियर मेलाग्राउंड में 25 जून को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवम् दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जी की रैली प्रस्तावित थी। जिसे रोकने के लिऐ भाजपा सरकार में 24 तारीख को उसी ग्राउंड में अपना कार्यक्रम रख लिया और आम आदमी पार्टी को रैली के लिऐ अनुमति देने से मना कर दिया। किन्तु केजरीवाल जी ने रैली रद्द न करते हुए अब इस रैली को एक जुलाई को दोपहर 2 , बजे मेला ग्राउंड, ग्वालियर में करने का निर्णय लिया है। मजबूरन प्रशासन को अनुमति देनी पड़ी है। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे जोश और उत्साह से रैली की तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर ओम गार्डन, सबलगढ़ में अयोजित कार्यकर्ता संवाद में बोलते हुए आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनुशासन समिति एवम् वरिष्ठ नेता कर्नल उमेश वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की इस तरह की हरकत से आम आदमी पार्टी के कार्यकर्त्ताओं के हौसले में कोई कमी नहीं आने वाली है। अब अधिक समय मिलने पर हम और दुगने जोश से काम करेंगे। सबलगढ में अयोजित इस कार्यकर्ता संवाद में विशेष रूप से आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार में चेयरमैन श्री जॉर्ज सोनी जी, एवम् वरिष्ठ नेता तारसेम लाल जी, अल्फ्रेड गुडविन जी व मनोज मलिक जी उपस्थित रहे। जार्ज सोनी जी ने कहा कि उनकी टीम पिछले एक सप्ताह में सबलगढ़ विधानसभा की सभी पंचायतों में दौरे पर गई है और लोगों को 1 जुलाई की रैली के लिए आमंत्रित किया है। सबलगढ़ विधानसभा में लोगों में व्यवस्था परिवर्तन के लिऐ जबर्दस्त उत्साह दिखाई पड़ रहा है। इस बार लोग एक मौका केजरीवाल को देना चाहते हैं। इस दौरान 1 जुलाई को मेला ग्राउंड,ग्वालियर में केजरीवाल जी की रैली में शामिल होने के लिऐ हज़ारों लोगों ने गांवों में अपने नाम लिखवाए हैं। उन्होनें पंजाब सरकार में पिछले एक साल में लोगों के लिए हुए काम की जानकारी दी। कर्नल उमेश वर्मा ने कहा कि सबलगढ़ विधानसभा से तीन हजार से अधिक लोग ग्वालियर रैली में शामिल होंगे। इस अवसर पर कैलारस से महिला सशक्तिकरण एवम् समाज सेवा से जुडी श्रीमती रीना कुशवाह ने पार्टी से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की। पार्टी की ओर से बैठक में सबलगढ़ विधानसभा से सुशील अवस्थी, चंद्रपाल सिंह जादौन, राजेन्द्र सिंह जादौन, हरिओम सोनी,मनोज इलाइची गर्ग, राजाराम छाबरिया, विष्णु गुप्ता, मदनमोहन गर्ग, संतोष गर्ग, शिवकुमार पाराशर, अतुल शर्मा, नरेश शर्मा,महेश सोनी, मोनू शर्मा, सुरेंद्र धाकड़, बहादुर कुशवाह, गोपीलाल धाकड़, मनमोहन रावत, हलुका रावत, वेदप्रकाश शर्मा,पातीराम राम रावत, महेंद्र कुमार गर्ग, कप्तान सिंह कुशवाह, नंदा त्यागी, गोपाल सिंह, मातादीन शर्मा, अमर सिंह केवट, सुनील बाथम, धमेंद्र शर्मा, कृपाल जादौन, दीपेंद्र शर्मा, रिंकू जादौन, मोहर सिंह रावत, शिवचरण नेताजी, लालपति , प्रताप सिंह जादौन, जाहर सिंह धाकड, आकाश जाटव, भरत प्रजापति, आरिफ खान, विनोद शर्मा, धमेंद्र प्रजापति, शिवराम जाटव, परमानंद गौड़, रामभजन धाकड, फूल सिंह सिकरवार, पूरन रावत, धमेंद्र यादव, नाथू सिंह रावत, मुकेश श्रीवास, माधो कुशवाह, ओम प्रकाश सिंह जादौन, शिवेंद्र जादौन, पुष्पेंद्र गौड, अशोक जाटव, गजेंद्र रावत, रामेंद्र, बनबारी, राजेश जाटव, रमेश रावत, शशिभूषण शर्मा, ज्ञान सिंह रावत, संतराम जाटव, दिलीप गुर्जर, कैलाश चंद्र, उमेश चंद्र, देशराज जाटव, शिशुपाल रावत, मोहरसिंह रावत, मोहन राठौर, शाहिद खान, मोहम्मद आजाद, बुद्धराम कुशवाह, विनोद जगा, बीरबल बाथम, मनीराम जाटव, शिवराम जाटव, रघुवीर रावत, दिनेश रावत, राजबीर रावत, सुनील रजक, मुकेश धानुक, सीताराम रावत, अमरुद्दीन खान, बंशी कुशवाह, देवेंद्र जौहरी, निसार खान, उत्तम रावत, वीर सिंह सेंगर, कल्ला रावत, बंटी रावत, हरिओम रावत, निर्मल जगा, अरविंद यादव, हेमंत रावत, अंकेश रावत, महावीर सेंगर, अरविंद जाटव, उत्तम जौनवार, रवि जाटव, बांकेलाल माहोर, अमन श्रीवास, धर्मेंद्र कुशवाह, होरीलाल जाटव, आकाश जाटव, राजकुमार, पुलकित सोनी, गोविंद सोनी, अंकित सोनी, कल्याण कुशवाह, सुभाष गौड आदि सहित विभिन्न पंचायतों से 168 सक्रिय साथी उपस्थित रहे।



## मीनाक्षी लायंस क्लब ऑफ़ ग्वालियर अनुभूति अध्यक्ष



लायंस क्लब ऑफ़ ग्वालियर अनुभूति द्वारा साधरण सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अथिति के रूप में आई पी डीजीलायन सुनीलगोयल गाइडिंग लायन अनुपम तिवारी जी उपस्थित रहे नई टीम के लिए अध्यक्ष लायन मीनाक्षी गोयल ,सचिव लायन कमल अग्रवाल और कोषाध्यक्ष लायन अशोक शर्मा को सर्वसमत्ति से सदस्यों द्वारा चुना गया जिसमें की अध्यक्ष गोयल द्वारा टीम के सभी सदस्यों का अभिवादन स्वीकार कर आभार व्यक्त किया गया और अपने कार्यकाल के दौरान किए जाने वाले कार्यों को उल्लेखित कर सभी सदस्यों की राय जानी और आगामी आने वाले साल में किए जाने वाले कार्यों को लेकर विचार विमर्श किया इसके बाद संस्था के चुने गए पदाधिकारियों का टीम के सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया इसके बाद डॉक्टर टॉक शो में गेस्ट स्पीकर डॉक्टर वैभव मिश्रा मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली के द्वारा अपने उद्बोधन में सभी टीम के मेंबरों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए और उन्होंने हार्ड अटैक से होने वाली तमाम परेशानियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई उपाध्यक्ष लायन कमल किशोर गुप्ता ,लायन अलका कुशवाह लायन संजय श्रीवास्तव लायन वीजेंद्र सिंह कुशवाह लायन मनीषा श्रीवास्तव लायन छाया अग्रवाल ,लायन अनिल गुप्ता लायन नीलम शर्मा लायन राघव लायन विजय खंडेलवाल कमल बनवारी आदि सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया और अंत में आभार सचिव कमल अग्रवाल जी द्वारा किया गया।

## एक नजर...

### 11 साल के गुम बालक को भिण्ड पुलिस ने 6 घण्टे में किया दस्तयाव

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । 19 जून 23 को जिला भिण्ड थाना गोरमी की 100 डायल को रात्रि 10= 30 बजे कॉलर ललिता पत्नि रामू नरवरिया निवासी नुन्हाड ने फोन पर सूचना दी कि उसका 11 साल का लडका दोस्तो के साथ खेलने गया था जो शाम 5 बजे से गायब है,घर नही आया है। उक्त सूचना की गम्भीरता को देखते हुये, 100 डायल के आरक्षक रविन्द्र ने थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर को सूचना से अवगत कराया जिस पर से थाना प्रभारी गोरमी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को उक्त घटना की जानकारी तत्काल दी गयी। उक्त घटना को पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे के नेतृत्व में एवं अनुविभागीय अधिकारी मेहंगाव आरकेएस राठौर के निर्देशन में थाना प्रभारी गोरमी द्वारा एक टीम बनाकर ग्राम नुन्हाड पहुँचें फरियादिया को मौके पर सुना और भारी बारिश होने के बाबजूद पुलिस फोर्स व ग्राम वासियों की मदद से पूरे गाँव में सर्चिग की गई और गुमशुदा बालक को सुबह 4 बजे खोज निकाला बाद उनके माता-पिता को सुपुर्द किया गया। उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी गोरमी निरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह सेंगर, उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह तोमर,उपनिरीक्षक मनीराम नादिर,आरक्षक योगेन्द्र तोमर,आरक्षक रविन्द्र,आरक्षक चालक अमृत तोमर,100 डायल चालक बबलू भदौरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भिण्ड कांग्रेस सोशल मीडिया टीम को किया सम्मानित

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भोपाल । सोशल मीडिया विभाग की जिला रैंकिंग प्रणाली में भिंड जिले को प्रथम स्थान आने पर पूर्व मुख्यमंत्री व मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री कमलनाथ ने प्रथम स्थान की शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर भिंड जिला कांग्रेस सोशल मीडिया टीम को सम्मानित किया बैठक में रैंकिंग प्रणाली में सम्मिलित होने आए सभी जिलों के कार्यों की समीक्षा भी की गई। बैठक में भिंड जिला कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया ने कमलनाथ को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अभय तिवारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई । इस मौके पर भिंड जिले से कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया,विधानसभा अध्यक्ष शिवशंकर भदौरिया,जिला उपाध्यक्ष आशीष चौहान,भिंड ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष शैलू कौशल, लहार ब्लाक अध्यक्ष राज प्रताप, जिला सचिव प्रदीप कुशवाह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### आईएएस सुनील कुमार आगेवा का किया स्वागत

पुष्पाजंली टुडे




गांधीधाम =राजस्थान के मूल निवासी गांव आगेवा तहसील जैतारण हाल में गुजरात केडर के नवनियुक्त आईएएस अधिकारी सुनील कुमार सीरवी का गांधीधाम में सीरवी समाज के पदाधिकारियों ने राजस्थानी परंपरागत साफा पहनाकर पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया गया । इस स्वागत समारोह में सीरवी समाज के गणमान्य नागरिक व अन्य समाजों के लोग भी उपस्थित रहे । इस मौके पर गांधीधाम में पोस्टेड जितेंद्र कुमार सीरवी बिलाडा जो वर्तमान में जीएसटी में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है वह भी उपस्थित रहे वर्तमान में सुनील कुमार कच्छ में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के रूप में सेवाए दे रहे है ये जानकारी अध्यक्ष रामलाल सेंणचा गांधीधाम द्वारा दी गई।

### आईजी कप क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

#### ई सीटी ने जीती प्रतियोगिता

पुष्पाजंली टुडे



बेंगलुरू = सीरवी समाज ट्रस्ट आनेकल अत्तिबेले जिगनी सीरवी समाज होसूर के तत्वाधान में आईमाता कप का आयोजन अत्तिबेले स्थित सचिन तेंदुलकर खेल मैदान में किया गया । इस प्रतियोगिता में सीरवी समाज की कुल 12 टीमों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता का शुभारंभ आईमाता की आरती व दीप प्रज्वलन कर समाज की चारो? बडेर के पदाधिकारियों के देख रेख में सपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विजेता टीम ई .सीटी रही । वही उपविजेता टीम केगेरी रही । इस एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सीरवी समाज होसूर बडेर के अध्यक्ष तिलोकराम परिहार, सचिव तुलसाराम चाउंडिया उपाध्यक्ष थानाराम गेहलोत, कोषाध्यक्ष भंवरलाल सेप्टा, सह-कोषाध्यक्ष केसाराम चोयल तथा सीरवी समाज आनेकल वडेर के अध्यक्ष बाबुलाल परिहार सचिव रतनलाल भायल पूर्व अध्यक्ष बाबुलाल परिहार पूर्व सचिव बाबुलाल गेहलोत एवं नारायणलाल मोगरेचा तथा सीरवी समाज अत्तिबेले के अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौड़ सचिव किशोर चोयल कोषाध्यक्ष रमेश गेहलोत पूर्व अध्यक्ष मूलाराम काग पूर्व सचिव मांगीलाल राठौड़ कार्यकारिणी सदस्य माधुराम सेंणचा, तिलोकराम सोंलकी, दिलीप गेहलोत एवं सीरवी समाज जिग्नी के अध्यक्ष कानाराम बर्फा, सचिव जोराराम परिहार पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल राठौड़ एवं तिलोकराम काग, चंद्रप्रकाश गेहलोत, सुखलाल बर्फा, बाबुलाल सोलंकी, महेंद्र परिहार, हनुमान लखावत सहित समाज के बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विजेता उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

## भाजपा ने महाजनसंपर्क अभियान के तहत व्यापारियों एवं प्रबुद्धजनों को मोदी सरकार की उपलब्धियों का साहित्य का किया वितरण

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा की आवान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत संपर्क एवं समर्थन के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा लेकर शहर के प्रमुख व्यापारियों दुकानदारों एवं प्रबुद्ध जनों के बीच पहुंचकर जनसंपर्क किया और जनता से संपर्क को समर्थन मांग कर पीएम नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार की उपलब्धियों को भी बताया और पार्टी का भेट किया। सभी कार्यकर्ता इटावा रोड धन मंत्री धर्मशाला पर इकट्ठे हुए वहां से पार्टी का झंडा लेकर परेड चौराहा,सदर बाजार गोल मार्केट, होते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिशन 2023 विधानसभा एवं 2024 लोकसभा चुनाव के लिए विकास पर पार्टी से समर्थन मांगा। भाजपा महा जनसंपर्क अभियान के माध्यम से व्यापारियों से जनसंपर्क करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार हर गरीब कल्याण किसानों व्यापारियों के हितों को देखते हुए योजनाओं का संचालित किया है हमारी सरकार जनहित ऐसी सरकार है सभी वर्गों के विकास की चिंता करनी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रीय विकास नीतियों से अयोध्या में भगवान राम मंदिर का



निर्माण,कश्मीर से धारा 370, गरीबों के लिए आयुष्मान भारत कार्ड योजना, किसानों के लिए राष्ट्रीय फसल बीमा योजना किसान क्रेडिट कार्ड प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि एवं सभी वर्गों के विकास की दिशा में हमारी सरकार काम कर रही है आप सभी से संपर्क के माध्यम से समर्थन मांगा गांधी जी की विचारधारा को आप तक पहुंचाने का हमारे कार्यकर्ता प्रयास कर रहे। जनसंपर्क कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह नरवरिया,विधायक संजीव सिंह कुशवाहा संजू,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे, पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र जैन पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राजे, महा जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक अशोक सिंह कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे, जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया,जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह कुशवाह,उपेंद्र शर्मा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गुर्जर भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह कुशवाह मनोज आनंद पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन जैन पार्षद ओमप्रकाश अग्रवाल राहुल जैन पार्षद मनोज जैन पार्षद किशन सोनी पार्षद यश जैन पार्षद दशरथ सिंह भदौरिया पार्षद, कौशलेंद्र सिंह कुशवाह, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह राजावत, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी मंडल अध्यक्षों में प्रदीप सिंह भदौरिया,शेरू पचौरी, अमित जैन, राधा कृष्ण शर्मा, अशोक बाल्मिक आदि लोग शामिल थे।



### सीरवी समाज बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

#### देश के विभिन्न राज्यों से 290 खिलाड़ियों ने लिया भाग

पुष्पाजंजली टुडे/नारायणलाल सेंणचा

मैसूर। श्री आईजी क्लब मैसूर के तत्वाधान में अखिल भारतीय सीरवी समाज बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजन मैसूर में स्थित आदित्य स्पोर्ट्स अरेना बोगदी खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ आईमाता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूर्व कर्नाटक सीरवी समाज मैसूर के पूर्व अध्यक्ष प्रभुलाल मूलेवा, राजेंद्र हाम्बड, रतनाराम चोयल, ढगलाराम चोयल,पुरकाराम लचेटा के करकमलों द्वारा किया गया ।इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 290 खिलाडियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजेता पुरूष डबल में सागर, जितेंद्र उपविजेता सचिन, कर्ण रहे। तीसरे विजेता दिनेश, नितीन, रहे। वही पुरूषो में 40 वर्ष के ज्यादा आयु के विजेता तरूण, राजेश उपविजेता सुखलाल शांतिलाल रहे ।वही महिलाओं में विजेता स्नेहा, उपविजेता टीना रही । तीसरे स्थान पर मंजु रही । बालक मे विजेता रितेश रहा। इस कार्यक्रम में आयोजक राकेश पवार, भरत चोयल,अशोक सोलंकी, राजेश चोयल, प्रकाश सोलंकी,सरवन हम्बाद,जितेंद्र काग उपस्थित रहें । इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि केआरएस रोड बडेर के अध्यक्ष मोटाराम सोलंकी,रतनाराम चोयल, रमेश मूलेवा ,दिनेश लचेटा ने विजेता खिलाडियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।

### योग दिवस कार्यक्रम आज आईटीआई परिसर भिण्ड में

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । म.प्र. शासन आयुष विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर डा सतीश कुमार एस के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा 21 जून 2023 को योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन आईटीआई परिसर भिण्ड में किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डा. नीलम कुशवाह ने बताया कि प्रति वर्ष 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 9वाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस वसुधैव कुटुम्बकम की थीम पर मनाया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर का प्रमुख कार्यक्रम मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में किया जाएगा। इस वर्ष भिण्ड जिले में योग दिवस का आयोजन आईटीआई परिसर भिण्ड में होगा, इसके आलावा सम्पूर्ण जिले मे स्थित विभिन्न आयुष औषधालयो आयुष हैल्थ वैलनेस सेंटर पर भी योग दिवस के कार्यक्रम किए जाऐगे। जिसमे जनमानस को योग से होने वाले फायदो के वारे में भी बताया जाएगा। डा. कुशवाह ने अधिक से अधिक जनमानस से इस कार्यक्रम में भागीदारी करने का अव्हान किया है।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर लगाई मोहब्बत की दुकान

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । एनएसयूआई छात्र नेता आयुष मिश्रा के नेतृत्व में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने जैन महाविद्यालय भिंड में सुबह 10 बजे पहुंचकर छात्रों के बीच मोहब्बत की दुकान लगाकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी का जन्मदिवस मनाया। इस अवसर एनएसयूआई नेताओं ने छात्रों को फूल एवं पेन वितरित करते हुए देश से नफरत की राजनीति समाप्त कर देश में मोहब्बत प्यार स्नेह का माहौल तैयार करने का आह्वान किया । छात्रों को संबोधित करते हुए आयुष मिश्रा ने कहा की राहुल गांधी युवा है। और वे युवाओं के लिए कई योजना तैयार कर सकते है। देश में कांग्रेस की सरकार बनते ही उन योजनाओं को सरकार रूप देकर देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। राहुल गांधी के नेतृत्व में ही युवाओं का भविष्य सुरक्षित है। इस वर्ष होने वाले मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2023 और 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने में छात्रों का युवाओं से अभूतपूर्व सहयोग की अपील की गई।इस अवसर पर प्रदुमन सिंह तोमर,नीरज पाठक,शैलेंद्र भदौरिया,विशाल थापक,अंशु,रामू बरुआ,मोहित बरुआ,रोहित, अजय सहित दो सैकड़ा एन.एस.यूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मोटर चोर गिरोह का खुलासा करके दो आरोपीयों सहित 04 कबाड़ियों को किया गिरफ्तार



खरगोन जिला से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

खरगोन जिले में बलकवाडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने एक विद्युत मोटर चोर गिरोह का खुलासा करके दो आरोपीयो सहित 04 कबाड़ियो को गिरफ़्तार किया जिनके कब्जे से 05 मोटर 28 किलोग्राम तांबे का तार बरामद हुआ। बताया जा रहा है ये दोनो आरोपी अपने नौ फरार साथियों के साथ मिलकर नर्मदा किनारे स्थित खेतो से मोटर पंप चुराते और इन कबाडियो को बेच दिया करते थे। इस दौरान चोरियो का ग्राफ बढ़ते देख पुलिस ने ऑपरेशन शिकंजा के तहत मुखबीर की सुचना पर गिरोह का खुलासा किया। फ़िलिहाल पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ करके शेष नौ लोगो की तलाश जारी है।

## प्रदेश में पटवारियों की वेतन मान एवं अन्य समस्याओं के लिए मप्र पटवारी संघ जिला खरगोन द्वारा एकत्रित होकर खरगोन कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे

प्रशासन के साथ कंदे से कंदा मिलकर चलने वाले पटवारी गण आज अपनी समस्याओं को लेकर नवागत कलेक्टर कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौंपा गया और ज्ञापन का वाचन भी किया गया कई समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत कराया गया है पटवारी संघ ने कलेक्टर से चर्चा में कहा गया की प्रशासन हमारी बात को लेकर विचार-विमर्श करे और खरगोन जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश शासन को अवगत कराये खरगोन प्रशासन द्वारा पेनल्टी लगाने पर पटवारियों ने जताई नाराजगी खरगोन में एक आदेश पारित कर फौती नामांतरण प्राप्त होने पर



पटवारी पर 2000 का अर्थदंड लगाने का आदेश पारित किया गया पटवारियों ने कहा कि कलेक्टर खरगोन का आदेश नियम विरुद्ध है और हम सब कर्मचारियों की यह मांग की गई की यथाशीघ्र वेतन देने का कष्ट करें आगे पटवारियों ने कहा मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान में खरगोन जिला पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा है कर्मचारियों की मेहनत को नजर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए इसलिए अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को संदेह नहीं करना चाहिए प्रशासन की रिड की हड्डी कहे जाने वाले पटवारी पद को ही भेदभाव तरिके से इस पद से वंचित रखा गया है जबकि उक्त सभी पदों पर एक साथ पदोन्नति दी तो सिर्फ़ पटवारियों के साथ ही ये भेदभाव क्यों किया गया है राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदों को पटवारियों को पदोन्नति कर भरा जाये।

## टैंकर वितरण में भ्रष्टाचार एवं दूषित पानी की सप्लाई बंद करो: लोसपा

### नगर की समस्याओं को लेकर लोसपा ने सौंपा 11 सूत्रीय ज्ञापन



दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद। नगर में इन दिनों बदबूदार गंदे पानी की नलों के माध्यम से पानी की सप्लाई हो रही है वही वार्डो में टैंकरों के माध्यम से होने वाली पानी की सप्लाई मैं भारी भ्रष्टाचार हो रहा है ठेकेदार के द्वारा पार्षद एवं नगरपालिका कर्मचारियों की मिलीभगत से टैंकर घोटाले को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 वार्ड क्रमांक 12 एवं अन्य कई वार्डों में पिछले दिनों पेयजल संकट के चलते टैंकरों से पानी सप्लाई नहीं किया गया परंतु पार्षदों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से कागजों में टैंकरों से पानी वितरण होना बताया गया। इसी प्रकार की कई अन्य समस्याओं को लेकर लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता असगर खान एवं लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष नौसे खान के नेतृत्व में 11 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में वार्ड क्रमांक 10 व 12 में नगर पालिका द्वारा संचालित पानी के टैंकरों से पानी सप्लाई नहीं किया जा रहा है, वार्ड 10 में जहाँ पानी की सप्लाई हो रही है उनसे पार्षद पुत्रों व उनके दलालों के द्वारा रुपयों की वसूली की जा रही है, नलों के माध्यम से होने वाली पानी की सप्लाई में गंदा व बदबूदार पानी आ रहा है जिनसे समस्त वार्ड वासियों को उस पानी के उपयोग से अनेक बिमारियों का सामना करना पड़ रहा है, वार्ड 11 ताल के अन्दर प्रस्तावित व स्वीकत नाला निर्माण शीघ्र कराया जावे, नालें व नालियाँ चौक पड़े हुए हैं जगह जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए, नगर पालिका परिषद द्वारा किये जाने वाले नामातरणों में पार्षद भ्रष्टाचार कर रहें हैं जिस पर अंकुश लगाया जावे, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नगर में सीसीटीवी कैमरे शीघ्र लगाएं जावें, बिरखडी गेट घाट पर सफाई कराई जावे, बिडखडी गेट घाट का सोन्दरी करण कराया जायें, बडा बाजार, ब्रह्मपुरी स्थित श्मसान घाटों पर साफ सफाई एवं सौन्दरी करण कराया जायें, नगर में कंपनी और ठेकेदार के द्वारा पानी की लाइनें डाली जा रही है जिससे नगर की सडकें खुदी हुई व क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है जिन्हें तत्काल दुरुस्त कराया जावे। ज्ञापन सौंपने वालों में रामवीर माहौर, गंगाराम कुशवाह, मोनू श्रीवास, संदीप कांकर, समीर खान, इकबाल खान, दिनेश प्रजापति, भगवती प्रजापति, अंकित, विनय श्रीवास आदि लोग उपस्थित थे।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश प्रभारी श्री मुरलीधर राव का हुआ स्वागत

रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा पुष्पांजली टुडे



हैदराबाद स्थित - करमनघाट वडेर ( मंदिर ) में सीरवी समाज द्वारा हुआ स्वागत, अध्यक्ष हंसाराम आगलेचा, सचिव हीरालाल सैंणचा ने बताया की सीरवी समाज ट्रस्ट



करमनघाट वडेर में हर उजाली बिज को महिलाओ द्वारा सत्संग प्रोग्राम होता है । आज भी उजाली बिज का सत्संग कार्यक्रम था इस बिस भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश प्रभारी श्री मुरलीधर राव का स्वागत सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट वडेर के कार्यकारिणी कमेटी के हाथो हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरलीधर राव का सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट वडेर ( मंदिर ) के प्रांगण में पहुंच ते ही सरवी समाज के सभी सज्जन खुश हुए।

## वीरांगना रानी दुर्गावती गौरव यात्रा 22 से 27 जून तक

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । मध्यप्रदेश की प्रमुख जनजाति गोंड है, गोंड राजवंश ने 52 गढ़ों के विस्तृत साम्राज्य पर 63 गोंड राजाओं ने 1400 वर्षो तक अपना शासन किया। महाराजा संग्राम शाह (1510-1543 ई.), राजा दलपत शाह, राजा वीर नारायण, रानी दुर्गावती, राजा चन्द्रशाह, राजा हिर्देशाही, राजा निजाम शाही एवं 1857 में अंग्रेजो के विरुद्ध लड़कर शहीद हुए राजा शंकर शाह एवं कुँवर रघुनाथ शाह प्रमुख हैं। राजा संग्राम शाह के पुत्र राजा दलपत शाह (1543-1550 ई.) से रानी दुर्गावति (जन्म 05 अक्टूबर 1524) का विवाह हुआ, इनके पति दलपत शाह की मृत्यु उपरांत रानी दुर्गावती ने 1550 से 1564 तक अपना शासन किया, अकबर के सरदार आसफ़ ख़ान से युद्ध



में 24 जून 1564 को रानी दुर्गावती का जबलपुर के नर्राई नाला क्षेत्र में युद्ध में बलिदान हुआ। रानी दुर्गावती को आज भी सर्व सामान्य व गोंड जनजातीय समाज अपनी रानी, रणचंडी, संरक्षिका एवं देवी के रूप में अनन्य श्रद्धा का भाव रखते हैं। प्रतिवर्ष 24 जून को रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस प्रदेश के कई जिलो में श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है वर्तमान में जितने प्रमुख स्मारक रानी दुर्गावती पर बने है, अधिकांश वे सभी भाजपा के शासन काल में बनाये गए है। गोंड बहुल सभी क्षेत्रों में बलिदान दिवस के कार्यक्रम बड़ी संख्या में आयोजित किये जाते है। आगामी 24 जून को भी पूरे प्रदेश में रानी दुर्गावती बलिदान दिवस मनाया जायेगा 7 चूंकि स्थानीय स्तर पर बलिदान दिवस कार्यक्रम मनाये जाते है, इसलिए बलिदान दिवस हेतु समाज द्वारा बड़े कार्यक्रम एक सप्ताह तक आयोजित होते है। रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस में देश के प्रधानमंत्री अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, रानी दुर्गावती की बलिदान गाथा को जन-जन तक पहुँचाने हेतु रानी दुर्गावती बलिदान दिवस गौरव यात्रा का शुभारंभ 22 जून 2023 को बालाघाट में ग्रह मंत्री अमित शाह के हाथों से होगा, यह यात्रा रानी दुर्गावती के जीवन से जुड़े सभी प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगी एवं इसका समापन 27 जून 2023 को शहडोल में होगा, बलिदान दिवस निमित कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे। यह मध्यप्रदेश के लिए गौरव का अवसर है जिसमें मध्यप्रदेश की गौरव रानी दुर्गावती जी के बलिदान को स्मरण करने प्रधानमंत्री उपस्थित रहेंगे।

# रेवड़ी संस्कृति और सार्वजनिक कर्ज

**आर्थिकी:** रेवड़ी बांटना नौकरियों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल मुहैया कराने का सबसे खराब विकल्प है।

टी एन नायनन

राज्य विधानसभा चुनावों के अगले दौर में लोकलुभावने वादों की झड़ी लगी नजर आ सकती है। हालांकि, इन रेवड़ियों की पेशकश अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे में निवेश की कीमत पर ही की जा सकती है।..हम केवल सार्वजनिक ऋण का बोझ बढ़ा रहे हैं, जिसे संतुलित करने पर ही कर राजस्व का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा खर्च हो जाता है।

अब, जबकि आधे-अधूरे आर्थिक सुधारों के साथ पूर्व एशियाई विकास दर हासिल नहीं हो पा रही है, और सरकार के अथक प्रयासों के बावजूद भी विनिर्माण, व्यापारिक निर्यात, और रोजगार की हालत खस्ता बनी हुई है, तब राजनेताओं को मूल्य सब्सिडी और नगद भुगतान के जरिये वित्तीय हस्तांतरण का पुराना तरीका ही ज्यादा भा रहा है। वे इसे अपनाने को इसलिए भी प्रेरित होते हैं क्योंकि यह आजमाई हुई तरकीब है और खासकर चुनाव के समय काफी कारगर साबित होती है।

लोकलुभावने वादों के आधार पर चुनावी जीत की शुरुआत संभवतः द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने की थी, जो 1967 में तत्कालीन मद्रास राज्य में एक रुपये में चावल देने के वादे के साथ सत्ता में आई थी। हालांकि, इस चुनावी वादे पर अमल सिर्फ राज्य की राजधानी तक ही सीमित रहा क्योंकि इस पर आने वाला खर्च वहन करना संभव नहीं था।अपनी खुद की पार्टी बनाने के लिए डीएमके से अलग होने के बाद एम।जी। रामचंद्रन ने स्कूलों में मुफ्त मध्याह्न भोजन के एक सीमित कार्यक्रम को और आगे बढ़ाया। इसके कई फायदे भी सामने आए: मसलन, बेहतर पोषण, बेहतर स्कूल उपस्थिति, और इस वजह से साक्षरता दर में सुधार दिखा, यहां तक कि जन्म दर




भी घटी; अब यह एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम बन चुका है।

1983 में, आंध्र प्रदेश में एन.टी. रामाराव ने भी डीएमके वाली राह अपनाई और 2 रुपये प्रति किलो चावल के वादे के साथ विधानसभा चुनावों में शानदार जीत दर्ज की।हालिया वर्षों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कई बड़े वादे (जैसे, किसानों की आय दोगुनी करना या अर्थव्यवस्था पांच अरब डॉलर पर पहुंचाना) पूरे करने में नाकाम रही है, और इसलिए अपनी लोकलुभावनी योजनाओं पर जोर दे रही है: जैसे, किसानों को नकद भुगतान, मुफ्त खाद्यान्न, मुफ्त शौचालय, आवास सब्सिडी, मुफ्त चिकित्सा बीमा, और इसी तरह की अन्य कल्याणकारी योजनाएं।

लेकिन यह अन्य दलों के ऐसे कदमों को रेवड़ी बांटना बताकर उनकी निंदा करती हैं, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) की देखादेखी कांग्रेस (जिसने ग्रामीण रोजगार गारंटी शुरू की) ने भी खास तौर पर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए मुफ्त बिजली योजना को अपनाया है।हालिया कर्नाटक चुनावों में, कांग्रेस ने प्रत्येक बेरोजगार डिप्लोमा धारक/स्नातक को 1,500/3,000 रुपये प्रतिमाह, परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपये प्रतिमाह के अलावा मुफ्त बिजली और मुफ्त अनाज का वादा भी किया। अन्य जगहों पर, पार्टियां मुफ्त टीवी सेट, स्मार्टफोन और लेपटॉप, सोना और मवेशी, पंखे और साइकिल आदि की पेशकश करती रही हैं।

मतदान करने वाली जनता एक के बाद एक राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा चुनावों में चुनावी रिकॉर्ड को देखकर ही अपना फैसला सुनाती है। राज्य विधानसभा चुनावों के अगले दौर में अधिक कल्याणकारी योजनाओं के वादे और मुफ्त रेवड़ियों की पेशकश देखने को मिल सकती है। व्यापक नजरिया यही लगता है कि जब अर्थव्यवस्था पर्याप्त रोजगार पैदा नहीं कर पा रही हो, और शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली कमतर साबित हो रही हो, तो वित्तीय हस्तांतरण और मुफ्त उपहारों की बदौलत ही चुनाव जीता जा सकता है।

जाहिर तौर पर कहा जा सकता है कि यह नौकरियां, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल मुहैया कराने का सबसे खराब विकल्प है। लेकिन जब राज्य ये सुविधाएं उपलब्ध कराने का कोई कारगर तरीका नहीं ढूंढ पाते हैं, तो कल्याणकारी योजनाएं अपरिहार्य हो जाती हैं।

*(शेष बॉलीवुड पेज पर)*

## समाचार विश्लेषण : कैसे दिन गुजारते हैं झुग्गी-बस्तियों में लोग

दुनिया में एक अरब से ज्यादा लोग हैं जो झुग्गी बस्तियों में रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र की शहरी विकास के लिए काम करने वाली एजेंसी यूएन हैबिटैट के मुताबिक ये लोग अत्यधिक भीड़भाड़ वाली बस्तियों में रहते हैं, जहां मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं।

केन्या की राजधानी नैरोबी में हाल में यूएन हैबिटेट का सम्मलेन हुआ, जहां शहरी विकास पर बात हुई। इस मौके पर नैरोबी के किबेरा में रहने वाली बिएट्रिस ओरियो से जब पूछा गया कि क्या उनके घर के पास बच्चों के खेलने के लिए पार्क है, तो उन्होंने जोर का ठहाका लगाया। किबेरा नैरोबी की सबसे बड़ी झुग्गी-बस्ती है। 34 साल की ओरियो कहती हैं, "ऐसा कुछ भी नहीं है।" ओरियो लोहे की चादरों से बने एक कमरे में रहती हैं, जिसका किराया है 6,000 शिलिंग्स यानी करीब साढ़े तीन हजार रुपये।

ओरियो बताती हैं, हमारे पास तो अपना शौचालय तक नहीं है। सार्वजनिक शौचालय में जाने के लिए हर बार पैसे देने होते हैं। हम जहां नहाते हैं, वही हमारी रसोई भी है, लिविंग रूम भी और बेडरूम भी। पार्क का तो ख्याल भी चुटकुला है।

दुनिया में एक अरब से ज्यादा लोग हैं जो ओरियो जैसे हालात में रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र की शहरी विकास के लिए काम करने वाली एजेंसी यूएन हैबिटेट के मुताबिक ये एक अरब लोग किबेरा जैसी अत्यधिक भीड़भाड़ वाली बस्तियों में रहते हैं, जहां मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। और जिस तरह से दुनिया की आबादी और शहरीकरण बढ़ रहे हैं, झुग्गी-बस्तियों में रहने वाले लोगों की संख्या 2050 तक बढ़कर तीन अरब हो जाएगी।

यूएन हैबिटेट का अनुमान है कि झुग्गी-बस्तियों की आबादी में वृद्धि का 50 फीसदी तो सिर्फ आठ देशों में होगा। ये आठ देश हैः नाइजीरिया, फिलीपींस, इथियोपियो, तंजानिया, भारत, डीआर कोंगो, मिस्र और पाकिस्तान। यूएन हैबिटेट के कार्यकारी निदेशक मैमुना मोहम्मद शरीफ कहते हैं, "यही हमारे शहरों का भविष्य है। दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी शहरों और कस्बों में रहती है। 2050 तक इस आबादी में 70 फीसदी बढ़ोतरी होगी। इसलिए शहरी गरीबी और असमानता से निपटना पहले से कहीं ज्यादा मुश्किल होने वाला है।"

वर्ल्ड बैंक के मुताबिक केन्या की आधी से ज्यादा शहरी आबादी किबेरा जैसी बिना किसी योजना के बसी बस्तियों में रहती है। कच्चे रास्तों के किनारे बने छोटे-छोटे कमरे ढाई लाख से ज्यादा लोगों के लिए घर हैं, जहां खिड़कियां तक नहीं हैं। ज्यादातर लोग ऐसे हैं जो गांवों में विस्थापित होकर शहरों को आए हैं और रोजाना 2 डॉलर यानी डेढ़ सो रुपये से भी कम कमाते हैं।

ज्यादातर लोग मोटरबाइक टेक्सी ड्राइवर, सिक्योरिटी गार्ड, घरेलू नोकर या इमारतों में मजदूरी जैसे काम करते हैं। वे नैरोबी में एक अच्छे घर में रहने का खर्च नहीं उठा सकते। इन बस्तियों में शौचालय सार्वजनिक होते हैं, जो बारिश के मौसम में अक्सर पानी से भरे रहते हैं। पीने के लिए पानी की पाइप जैसी कोई सुविधा नहीं है और लोगों को निजी टैंकरों से पानी खरीदना पड़ता है।

गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था बेहद खराब है और कचरा साफ करने की कोई व्यवस्था नहीं है। बाढ़ अक्सर आती है और घरों व उनके सामान को बर्बाद कर जाती है। साथ ही पीने का पानी दूषित हो जाता है। इस दौरान घर गिर जाते हैं या फिर बिजली के खंभों में करंट आता है, जिससे लोगों की जान चली जाती है।

## कठघरे में रिजर्व बैंक

बेहतर होता अपने स्पष्टीकरण में इस पहलू पर तथ्यात्मक सूचना आरबीआई देता। लेकिन सरल भाषा में लोगों से कहा गया है कि वे सार्वजनिक चर्चाओं पर नहीं, बल्कि उसकी बात पर यकीन करें।

*हाल में आई दो खबरों ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को संदेह के कठघरे में खड़ा कर दिया है। एक खबर यह है कि आरबीआई ने बैंकों को उन डिफॉल्टरों से समझौता कर मामला निपटाने का अधिकार दे दिया है, जिन्होंने जानबूझ कर ऋण नहीं चुकाया। इनमें ऐसे भी कई मामले होंगे, जिनमें कर्ज लेने वाली रसूखदार शख्सियत ने उसे ना लौटने के इरादे से ही ऋण लिया होगा। अब बैंक ऐसे कर्जदारों का मामला उनसे बातचीत से निपटा सकेंगे। जाहिर है, उन लोगों पर बकाया दिखने वाली के रकम को माफ भी किया जा सकेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि इस फैसले का परिणाम निकट भविष्य तीन लाख 46 हजार करोड़ रुपए की माफी के रूप में आ सकता है। क्या यह सीधे तौर पर बैंक धोखाधड़ी और वित्तीय अपराध को बढ़ावा देना नहीं होगा? यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि किसी ऐसी व्यवस्था में, जहां कानून का राज सर्वोपरि हो, ऐसे फैसले लिए जा सकते हैं।*

*इसी तरह यह चौंकाने वाली खबर आई कि रिजर्व बैंक ने 500 रुपये के नोटों को जो छपाई करवाई थी, उनमें से 88 हजार करोड़ रुपये मूल्य के नोट गायब हैं। यह सूचना खुद रिजर्व बैंक ने आरटीआई अर्जी पर दी। लेकिन जब यह मामला सियासी हलकों और मीडिया में गरमाया, तो आरबीआई ने एक स्पष्टीकरण जारी कर कहा कि लोग ऐसी खबरों पर ध्यान ना दें और आरबीआई के इस आश्वासन पर भरोसा करें कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है। प्रश्न यही है कि अगर कुछ नहीं हुआ है, तो आरबीआई ने आरटीआई अर्जी पर ऐसी जानकारी क्यों दी? बेहतर होता अपने स्पष्टीकरण में इस पहलू पर तथ्यात्मक सूचना आरबीआई देता। लेकिन सरल भाषा में लोगों से कहा गया है कि वे सार्वजनिक चर्चाओं पर नहीं, बल्कि उसकी बात पर यकीन करें। मगर आरबीआई को शायद यह ख्याल नहीं है कि उसने गुजरे वर्षों में अपनी साख को इतनी चोट पहुंचा दी है कि बहुत से लोग चाह कर भी ऐसा नहीं कर पाएंगे।*

अपनी बात
संपादकीय

## हर सिगरेट खतरनाक है

विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से जारी ताजा चेतावनी को सामयिक और सही दिशा में कहा जाएगा। संगठन ने कहा है कि ई-सिगरेट का सेवन भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी एक प्रमुख चिंता है।

*समाज में यह गलत धारणा बनाई गई है कि ई-सिगरेट खतरनाक नहीं है। इस भ्रम के कारण कई लोग सिगरेट छोड़ने की कोशिश में इसे अपना लेते हैं। उधर नोजवान भी यह सोच कर इसकी लत पाल लेते हैं कि इसमें वह खतरा नहीं है, जो तंबाकू वाली सिगरेट में होता है। इसलिए इस सिलसिले में विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से जारी ताजा चेतावनी को सामयिक और सही दिशा में कहा जाएगा। संगठन ने कहा है कि ई-सिगरेट का सेवन भी सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी एक प्रमुख चिंता है। डब्लूएचो के मुताबिक भारत में 15 से 30 साल की उम्र के करीब 61 फीसदी ऐसे युवा हैं, जिन्होंने ई-सिगरेट का इस्तेमाल नहीं किया है। लेकिन भविष्य में इसकी चपेट में आ सकते हैं। देश और विदेश में हुए एक अध्ययन ई-सिगरेट संबंधी खतरों पर रोशनी पड़ी है। डब्लूएचओ के अनुसार मस्तिष्क के विकास पर निकोटीन के प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों और उपकरणों में मौजूद अन्य रसायनों से संभावित खतरों के कारण नौजवान ई-सिगरेट की तरफ खिंच रहे हैं। यह अब एक प्रमुख चिंता बन गया है। खास कर भारत में देखा गया है कि युवा ई-सिगरेट के खतरों से लापरवाह होते जा रहे हैं।*

*स्पष्ट है, इन खतरों के बारे में जागरूकता लाने के लिए बड़े पैमाने पर मुहिम चलाने की जरूरत है। अध्ययन से सामने आया कि भारत में 51 प्रतिशत लोग, जिन्होंने पहले कभी ई-सिगरेट का इस्तेमाल नहीं किया है, वे इसके भविष्य में इस्तेमाल को लेकर उत्सुक हैं। 47 प्रतिशत भारतीयों ने ई-सिगरेट का विज्ञापन देखा है। अध्ययन में शामिल अधिकांश भारतीय पढ़े-लिखे और अमीर परिवारों से थे। इसलिए शोधकर्ताओं ने ई-सिगरेट के विज्ञापनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। भारत दनिया में तंबाकू के सबसे बड़े बाजारों में एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक लगभग 27 प्रतिशत भारतीय आबादी किसी न किसी रूप में तंबाकू का इस्तेमाल करती है। इन लोगों की इस लत को छुड़ाना एक बड़ी चुनोती है।*

सरकार किसानों को खैरात देने और उससे राजनीतिक-चुनावी लाभ कमाने के लिए एक योजना पर अपना पैसा खर्च करने को तैयार है, जो 'अन्नदाता' के प्रति उसकी चिंता और देखभाल के वादे के खिलाफ जाती है बजाए यह सुनिश्चित करने कि किसानों को व्यापारियों से या सरकार से ही बेहतर कीमत मिले।

# एमएसपी और पीएम किसान मदद की समझे गणित

सुबोध वर्मा/पीयूष शर्मा

सरकार ने हाल ही में दो घोषणाएं के ज़रिए किसानों को संबोधित किया है - एक घोषणा के तहत इस वर्ष की खरीफ (मानसून) फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) को अधिसूचित किया गया, जबकि दूसरी घोषणा में पीएम किसान योजना के तहत 11 करोड़ किसानों को 2.42 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। दोनों घोषणाएं किसानों की आय बढ़ाकर उनकी मदद करने के उपाय लगते हैं। लेकिन हकीकत कुछ और ही है। एक तरफ, नरेंद्र मोदी सरकार 2014 में अपने वादे से बहुत कम एमएसपी तय कर रही है, और इस तरह किसानों को हजारों करोड़ रुपये से वंचित कर रही है। दूसरी ओर, यह किसानों को पीएम किसान योजना के तहत प्रति वर्ष 6,000 रुपये का अनुदान दे रही है। जैसा कि नीचे दिखाया गया है, अनुदान साल-दर-साल फसल आय से निरंतर नुकसान की भरपाई नहीं कर पाते हैं।

गणना से पता चलता है कि 2015-16 और 2022-23 के बीच, किसानों को चावल पर दी जा रही कम एमएसपी के कारण 2,37,427 करोड़ रुपये और गेहूं में कम एमएसपी के कारण 58,460 करोड़ रुपये से वंचित कर दिया गया है या उन्हे इसका नुकसान हुआ है। यह 2,95,887 करोड़, या लगभग 3 लाख करोड रुपये की कुल हानि को दर्शाता है। ध्यान दें कि यह गणना केवल दो प्रमुख स्टेपल फसलों की है। यदि अन्य 12 कृषि उत्पादों को इसमें जोड़ लिया जाए, जिन्हें संबंधित घोषित एमएसपी के ज़रिए खरीदा जाना है, तो नुकसान और बढ़ जाएगा। किसानों को जो नुकसान हुआ है, वह पीएम किसान योजना के तहत उन्हें दी जाने वाली राशि से कहीं ज्यादा है।

### हानि/नुकसान

2014 में, पीएम मोदी ने वादा किया था कि वह



प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एमएसस्वामीनाथन की अध्यक्षता वाले राष्ट्रीय किसान आयोग द्वारा दी गई सिफारिश को लागू करेंगे। आयोग ने सिफारिश की थी कि एमएसपी, उत्पादन की व्यापक लागत से 50 प्रतिशत से अधिक होनी चाहिए, जिसे कृषि वैज्ञानिकों ने सी2 फ़ार्मूले के रूप में दर्शाया है।

हालांकि, मोदी सरकार ने उत्पादन की संशोधित लागत के आधार पर एमएसपी की गणना के साथ एक आसान समझौता कर लिया है जिसमें कई महत्वपूर्ण घटक शामिल नहीं हैं और इसलिए इसमें सी2 की कमी नज़र आती है। इस संशोधित लागत में सभी इनपुट लागत (ए), आरोपित पारिवारिक श्रम (एफएल) लागत और कुछ अन्य मद शामिल हैं, लेकिन पूंजी परिव्यय, किराए आदि की लागत को छोड़ दिया गया है। एमएसपी की गणना उत्पादन की इस संशोधित लागत में 50 प्रतिशत जोड़कर की जाती है।

सरकार द्वारा घोषित एमएसपी पर खरीदे गए चावल और गेहूं का ताजा मामला लेते हैं। 2022-23 में, चावल पर एमएसपी 2,040 रुपये प्रति क्विंटल (110 किलोग्राम) तय की गई थी। सरकार ने इस दर पर 534 लाख टन चावल की खरीद की थी। यह हमें उन किसानों का कुल रिटर्न की तस्वीर देता है, जिन्होंने सरकार को 1109 लाख करोड़ रुपये का चावल बेचा था।

यदि यह चावल स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सी2+50 प्रतिशत पर खरीदा जाता, तो इसकी कीमत क्या होती? कृषि मंत्रालय के तहत काम करने वाली संस्था, कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) द्वारा रिकॉर्ड की गई सी2 लागत को लेकर इसका जवाब मिल सकता है। यह 2022-23 में चावल पार सी2 लागत 1,805 रुपये प्रति क्विंटल आंकी गई है। अगर चावल पार एमएसपी सी2+50 प्रतिशत तय किया गया जाता तो इसे 1,805+903 रुपये यानी 2,708 रुपये होना चाहिए था। अगर सरकार इतनी ही मात्रा (534 लाख टन) इसी दर से चावल खरीदती तो किसानों को 1.5 लाख करोड़ रुपये मिलते।

स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश लागू होने पर किसानों को जो मिल सकता था और वास्तव में उन्हें जो मिला, उसमें 35,651 करोड़ रुपये का भारी अंतर है। और यह सिर्फ एक साल यानि 2022-23 का मामला है। अगर हर साल यही हिसाब लगाएं तो 2015-16 से 2022-23 के बीच धान के किसानों को कुल मिलाकर 2.37 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

गेहूं पर इसी तरह की गणना से पता चलता है कि 2015-16 और 2023-24 के बीच किसानों को 58,460 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

इस बात की गणना करना मुश्किल है कि जो सरकार को बेचने में सक्षम नहीं हैं उन किसानों को कितना नुकसान हुआ है क्योंकि आमतौर पर उन्हें अपनी उपज के लिए एमएसपी से कम कीमत मिलती है। सरकार उपज का केवल एक अंश ही खरीदती है और एमएसपी की गारंटी केवल ऐसे लेनदेन के लिए ही होती है।

उदाहरण के लिए, 2022-23 में, चावल का उत्पादन 1,355.4 एलएमटी (लाख मीट्रिक टन) अनुमानित था, लेकिन सरकारी खरीद सिर्फ 534 एलएमटी की थी। यह कुल उत्पादन का लगभग 40 प्रतिशत है। शेष 60 प्रतिशत या तो किसानों ने खुद इस्तेमाल के लिए रखा या घोषित एमएसपी से कम कीमतों पर खुले बाजार में बेचा होगा। सीएसीपी की लगातार रिपोर्टें इस बात की पुष्टि करती हैं कि ऐसा ही होता है।

खुले बाजार की कीमतों को निर्धारित करने वाले कारकों में से एक एमएसपी है। किसान और व्यापारी कीमतों में सौदेबाजी और समझौता करने के लिए एमएसपी स्तर को देखते हैं, हालांकि आमतौर पर व्यापारियों को इसे नीचे धकेलने में अधिक ताकत मिलती है। ज्यादातर किसान जो सरकारी एजेंसियों के बजाय व्यापारियों को बेचते हैं, वे छोटे हैं और उन्हें तुरंत नकदी की जरूरत होती है। इसलिए इनमें सौदेबाजी की ज्यादा ताकत नहीं होती है। उनके पास एकमात्र बैसाखी सरकार द्वारा तय की गई एमएसपी होती है।

इसलिए, निजी व्यापारियों को बेचने वाले किसानों के लिए भी कम एमएसपी, बिक्री मूल्य को कम कर देती है। इन बिक्री की मात्रा और उन्हें मिलने वाली कीमतें अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग होती हैं और इन्हें ट्रेक या रिकॉर्ड करना मुश्किल होता है। लेकिन यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि कम एमएसपी खुले बाजार की कीमतों को कम करती है।

एमएसपी को कम रखकर सरकार न केवल अपने संसाधनों (जो वास्तव में सार्वजनिक संसाधन हैं!) पर बचत कर रही है, बल्कि यह पूरे के पूरे बड़े व्यापारी वर्ग को लाभ पहुंचा रही है, जो असहाय किसानों से कम कीमत पर खाद्यान्न खरीदता है।

सरकार किसानों को खैरात देने और उससे राजनीतिक-चुनावी लाभ कमाने के लिए एक योजना पर अपना पैसा खर्च करने को तैयार है, जो 'अन्नदाता' के प्रति उसकी चिंता और देखभाल के वादे के खिलाफ जाती है बजाए यह सुनिश्चित करने कि किसानों को व्यापारियों से या सरकार से ही बेहतर कीमत मिले।

# मोदी जी 9वर्ष के सुशासन की पहचान

# शिलान्यास व उद्घाटन एक ही कार्यकाल में

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी जी के 9वर्ष पूर्ण हो जाने पर भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा एक माह तक विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसे महाजनसंपर्क अभियान नाम दिया गया है इसी तारतम्य में गोहद भाजपा द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन सिचाई बिभाग बिश्राम ग्रह पर विधानसभा सयोजक रामबाबू उपाध्याय, नगर मण्डल अध्यक्ष विवेक जैन ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष दीपक तोमर चितोरा मण्डल अध्यक्ष रवि शर्मा नगर मण्डल महामंत्री द्वय आशीष शर्मा, विनोद माहोर मीडिया प्रभारी सौरभ पांडे की उपस्थिति में हुआ।




सिचाई विभाग विश्राम गृह पर आयोजित पत्रकार वार्ता में विधानसभा सयोजक रामबाबू उपाध्याय ने कहा कि हिंदुस्तान ही नही बिदेश की धरती पर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की काबलियत को सराहा जा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 9बर्ष का कार्यकाल उपलब्धि का अनवरत श्रखला है तीन तलाक ,धारा 370,शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास ,मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम मंदिर निर्माण आदि महत्वपूर्ण कार्य किये है प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी की बिदेश नीति के चलते आज बिदेश भारत को सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है यहाँ नगर मण्डल अध्यक्ष विवेक जेन ने कहा कि केंद्र की डबल इंजन की सरकार ने देश की दशा और दिशा ही बदल दी है मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की लाडली लक्ष्मी योजना को पूरे देश की राज्य सरकार ने सराहा है और लागू भी किया है अभी आरम्भ हुई लाडली बहना योजना के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने सिद्ध कर दिया कि भाजपा जो कहती है वो करती भी योजना के तहत सभी लाडली बहनों के खाते में एक साथ एक हजार रुपये भेजे गए।

**आखिर रणवीर जाटव क्यो बना रहे संगठन से दूरी**–मध्यप्रदेश हथकरघा निगम अध्यक्ष रणवीर जाटव का संगठन के कार्यों में उपस्थित न होना चर्चा का विषय बना हुआ है भाजपा द्वारा पत्रकार वार्ता भी आयोजन रणवीर जाटव के सम्बोधन के साथ किया जाना था लेकिन वो उपस्थित नही हुए अभी केंद्र सरकार के 9वर्ष पूर्ण होने पर एक माह तक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है लेकिन रणवीर जी कही दिखाई नही दे रहे है जबकि नवम्बर माह में होने वाले विधानसभा चुनाव में गोहद विधानसभा में भाजपा से रणवीर जाटव प्रमुख दावेदारो में है लेकिन जनता के बीच न रहना, फोन अटेंड न करना संगठन के कार्यों में उपस्थित न होना किस बात का संकेत है।



# मेहंगाव क्षेत्र में बिजली संकट के विरोध में

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह ने सौपा ज्ञापन पत्र

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि मेंहगांव क्षेत्र के ग्राम खैरियातोर में बिजली संकट से परेशान ग्रामीणजनों की पीड़ा को रिमझिम बारिश में ही कांग्रेस के कार्यकर्ता शुभम आजाद ने बताया कि 1 सप्ताह से बिजली ना होने के कारण सभी ग्रामीणजन परेशान हैं, और ऐसी बारिश में एसडीएम कार्यालय पर बड़ी संख्या में इकट्ठे हैं,कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने ग्रामीणजनों की समस्या को देखते हुए बिना समय गवाए अपने आप को नहीं रोक पाया और खराब मौसम के बावजूद भी वहां पहुंचकर संबंध अधिकारी से चर्चा कर जल्द समस्या निराकरण कराए जाने की बात कही एवं समस्याओं को लेकर लिखित ज्ञापन पत्र सौपा,जिस पर अधिकारियों ने कुछ समस्याओं का निराकरण करने के लिए अधीनस्थो को तुरंत निर्देशित किया। श्री कुशवाह ने अधिकारियों से स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है, कि यदि समस्या का समाधान समय अनुसार नहीं होता है,तो कांग्रेस पार्टी आमजन की समस्याओं को लेकर जन आंदोलन करेगी आज लोग भाजपा की सरकार में मूलभूत सुविधा भी ना मिलने से परेशान हैं। जबकि यहां के विधायक मप्र सरकार में राज्य मंत्री है,स्थानीय मंत्री जी और भाजपा सरकार गहरी नींद में सोई हुई है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता सोई हुई भाजपा सरकार और प्रशासन को जगाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता रणजीत सिंह गुर्जर, जितेंद्र गुड्डू नरवरिया सहित कार्यकर्ता एवं सैकड़ों ग्रामीणजन साथ में मौजूद रहे।

# दुर्गा चालीसा पाठ के बाद जागेश्वर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंची राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यसचिव

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

### टिकरी पिपरिया में जिला स्तरीय दुर्गा चालीसा पाठ में 5 हजार से ज्यादा लोग सम्मलित

दमोह। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम की संयुक्त तत्वाधान में दमोह जिले के टिकरी पिपरिया में जिला स्तरीय दुर्गा चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया जिसमें 5 हजार से ज्यादा लोगों की उपस्थिति रही श्री अखंड दुर्गा चालीसा पाठ की समापन पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन संध्या शुक्ला जी एवं भगवती मानव कल्याण संगठन के मुख्य सचिव आशीष शुक्ला राजू भैया जी उपस्थित रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव का दमोह सीमा में प्रवेश करते ही ऐतिहासिक स्वागत किया गया टिकरी ग्राम में रंगोली से सजाया गया था महिलाओं ने कलश लेकर स्वागत किया गया। टिकरी ग्राम की सैकड़ों लोगों ने भगवती मानव कल्याण संगठन नशे से मुक्त चरित्रवान जीवन जीते हुए समाज सेवा का संकल्प लिया समापन के बाद जागेश्वर नाथ बांदकपुर मंदिर संजय शुक्ला जी एवं आशीष शुक्ला जी पहुंचे और भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया मंदिर समिति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव को जागेश्वर नाथ भोले शंकर मंदिर की प्रतिमा भेंट की जागेश्वर मंदिर के बाद आनंदी रजक के न्यू घर का फीता काटकर उद्घाटन



भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन संध्या शुक्ला जी ने अपने उद्बोधन में हजारों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज टिकरी ग्राम का सौभाग्य की आपके गांव में 24 घंटे का जिला स्तरीय चालीसा पाठ का गुणगान चलता रहा उन्होंने कहा कि आपका गांव जागेश्वर नाथ मंदिर से लगा हुआ है आप बड़े सौभाग्यशाली हैं भोलेनाथ का आशीर्वाद लेकर भगवती की पूजा अर्चना में लग जाये और पूरा गांव नशे मांस से मुक्त चरित्रवान जीवन जीते हुए जनकल्याण मानव कल्याण की रक्षा करने में पूरा जीवन समर्पित कर दें वही भगवती मानव कल्याण संगठन के मुख्य सचिव आशीष शुक्ला राजू भैया ने कहा कि आप लोगों को मैं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम में आयोजक शारदीय नवरात्रि शिविर में आमंत्रित करने आया हूं मुख्य सचिव जी ने कहा कि इन्हीं कार्यक्रमों से आज पूरे देश में 20 लाख से ज्यादा लोग नसीमा से मुक्त चरित्रवान जीवन जीते हुए समाज सेवा का कार्य कर रहे उन्होंने कहा कि श्री शक्तिपुत्र महाराज साल में केवल दो बार आश्रम से बाहर निकलते हैं लेकिन फिर भी गांव गांव में परिवर्तन तेजी से बढ़ रहा है उन्होंने सभी ग्राम वासियों एवं दुर्गा चालीसा पाठ में सम्मिलित 5000 से ज्यादा लोगों को हाथ उठाकर नशे मांस से मुक्त चरित्रवान जीवन जीते हुए जनकल्याण मानवता रक्षा करने का संकल्प दिलाया।

# पालीवाल अस्पताल में हुआ सफल ऑपरेशन

## महिला के पेट से साढ़े सात किलोग्राम का निकाला ट्यूमर

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जिले में निवासरत महिला बीते कई वर्षो से पेट में तकलीफ से परेशान थी। जिसे डेढ़ साल पहले पता चला की उसके पेट में ट्यूमर जैसी बीमारी नें बडा रूप ले लिया है। जिसको लेकर परिवार वाले काफी परेशान थे। महिला की पीड़ा दिन व दिन ब?ती गई और यहाँ वहाँ अस्पतालों में दिखाया कहीं आराम नहीं मिला आर्थिक स्थिति भी ज्यादा अच्छी नहीं थी। अस्पताल प्रबंधन नें बताया कि महिला 2 दिन पूर्व ही अस्पताल आयी थी जिसका कहना था कि उसका पेट फूल रहा है,और बहुत दर्द हो रहा है, जिसकी अस्पताल स्टॉफ के द्वारा समस्त जांचे करने पर पता चला की महिला के पेट में एक बडा ट्यूमर है जिसका ऑपरेशन करना पड़ेगा। ऑपरेशन करने वालो में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मोनिका पालीवाल, डॉ सतेंद्र पटेल,डॉ प्रजापति एवं ओटी



स्टॉफ अहम भूमिका रही। किल्लाई नाका स्थित पॉलीवाल अस्पताल में पूरी टीम के सहयोग से ऑपरेशन सफल हो सका। अस्पताल में हुये सफलता पूर्वक ऑपरेशन से महिला के पेट से 7 किलो 800 किलोग्राम का ट्यूमर निकाला। ट्यूमर का सेम्पल लेकर लेब भेज दिया गया,जिससे कैंसर जैसी बीमारी ना हो उसका पता लग सके। दिन रात पीड़ा के दौर से गुजर रही महिला ने ऑपरेशन के बाद राहत की सांस ली। परिवार के लोग अस्पताल के स्टॉफ का आभार मानते हुए कहते हैं कि महिला बहुत वर्षों से पेट की समस्या से परेशान थी लेकिन यह सब अस्पताल के डॉक्टर्स एवं मोनिका पालीवाल की बदौलत संभव हो पाया। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मोनिका पालीवाल का कहना है कि कोई भी बीमारी को हल्के में ना लेकर उसकी समय समय पर जांच कराते रहे ताकि भविष्य में इस तरह की गंभीर बीमारी बडा रूप ना ले सके। महिला के पेट का ट्यूमर नौ माह के गर्भ से भी बडा था जिस कारण महिला दर्द से परेशान थी। सभी लोग स्वस्थ के प्रति जागरूक रहे ताकि जनमानस स्वस्थ रहे।

# जबेरा विधायक धर्मेंद्र लोधी ने कृषि उपज मंडी तेंदूखेड़ा में कार्य स्थल का किया निरीक्षण

पुष्पांजली टुडे

दमोह। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या दान विवाह/ निकाह योजना का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी पुनः मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह-निकाह योजना का आयोजन अपने विधानसभा क्षेत्र के तेंदूखेड़ा में करवा रहे हैं, यह आयोजन 26 जून 2023 को किया जायेगा। अभी तक इस योजना के लिए 750 से अधिक पात्र हितग्राहियों के रजिस्ट्रेशन हो चुके व रजिस्ट्रेशन निरंतर जारी है। इस दौरान कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के लिये विधायक लोधी कृषि उपज मंडी तेंदूखेड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने कार्य स्थल का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर तेंदूखेड़ा जनपद सीईओ मनीष बागरी, जनपद जबेरा सीईओ रामेश्वर पटेल सहित अधिकारियों की मौजूदगी रही। ज्ञातव्य है कि विगत दिनों विधायक लोधी के नेतृत्व में ग्राम नोहटा में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजना का आयोजन किया गया था, जिसमें 726 जोड़ों का विवाह संपन्न किया गया था।

# वीरांगना रानी दुर्गावती गौरव यात्रा दमोह जिले के जबेरा तहसील में 22 जून को पहुंचेगी

पुष्पांजली टुडे

दमोह।मध्यप्रदेश की प्रमुख जनजाति गोंड है, गोंड राजवंश ने 52 ग?ों के विस्तृत साम्राज्य पर 63 गोंड राजाओं ने 1400 वर्ष तक अपना शासन किया। महाराजा संग्राम शाह (1510-1543 ई.), राजा दलपत शाह, राजा वीर नारायण, रानी दुर्गावती, राजा चंद्रशाह, राजा हिर्देशाही, राजा निजाम शाही एवं 1857 में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़कर शहीद हुए राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह प्रमुख हैं। राजा संग्राम शाह के पुत्र राजा दलपत शाह (1543-1550 ई.) से रानी दुर्गावती (जन्म 05 अक्टूबर 1524) का विवाह हुआ, इनके पति दलपत शाह की मृत्यु उपरांत रानी दुर्गावती ने 1550 से 1564 तक अपना शासन किया, अकबर के सरदार आसफ खान से युद्ध में 24 जून 1564 को रानी दुर्गावती का जबलपुर के नर्राई नाला क्षेत्र में युद्ध में बलिदान हुआ। रानी दुर्गावती को आज भी सर्व सामान्य वर्ग व गोंड जनजातीय समाज अपनी रानी, रणचंडी, संरक्षिका एवं देवी के रूप में अनन्य श्रद्धा का भाव रखते हैं। प्रतिवर्ष 24 जून को रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस प्रदेश के कई जिलों में श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है, वर्तमान में जितने प्रमुख स्मारक रानी दुर्गावती पर बने हैं, अधिकांश वे सभी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के शासनकाल में बनाये गये है। गोंड बहुल सभी क्षेत्रों में बलिदान दिवस के कार्यक्रम बड़ी संख्या में आयोजित किये जाते हैं। आगामी 24 जून को भी पूरे प्रदेश में रानी दुर्गावती बलिदान दिवस मनाया जायेगा। चूकि स्थानीय स्तर पर बलिदान दिवस कार्यक्रम बनाए जाते हैं, इसलिए बलिदान दिवस हेतु समाज द्वारा बड़े कार्यक्रम एक सप्ताह तक आयोजित होते हैं। रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस में देश के प्रधानमंत्री अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, रानी दुर्गावती की बलिदान गाथा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु रानी दुर्गावती बलिदान दिवस गौरव यात्रा का शुभारंभ 22 जून 2023 को बालाघाट में गृह मंत्री अमित शाह के हाथों से होगा, यह यात्रा रानी दुर्गावती के जीवन से जुड़े सभी प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगी जो दमोह जिले की तहसील जबेरा में दोपहर पहुंचेगी। यात्रा के प्रभारी प्रदेश के वनमंत्री विजय शाह होंगे। यात्रा का समापन 27 जून 2023 को शहडोल में होगा, बलिदान दिवस निमित कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। यह मध्यप्रदेश के लिए गौरव का अवसर है जिसमें मध्यप्रदेश की गौरव रानी दुर्गावती जी के बलिदान को स्मरण करने स्वयं प्रधानमंत्री पधार रहे हैं। यात्रा के संयोजक अध्यक्ष युवा आयोग निशांत खरे होंगे एवं संपूर्ण यात्रा का कंट्रोल रूम भोपाल में होगा। प्रशासनिक समन्वय अपर सचिव मुख्यमंत्री लक्ष्मण सिंह मरकाम होंगे।

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

प्रो. अमित
मो. 7772843302
9617243208
श्री हनुमते नमः
प्रो. दीपक
मो. 9639422665
7024015532
जय दंदरौआ सरकार इन्टरप्राइजेज
डिस्पोजल
दोना पत्तल, डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, पत्ते वाली पत्तल, दोने
निर्माता एवं थोक विक्रेता
शादी, पार्टी एवं अन्य शुभ कार्यों आदि में सभी सामान फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8x4 cm 1120
10x4 cm 1400
12x4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8x4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

# कार्यालयः नगरपालिका परिषद गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)

Email- cmo.gohad.mpurban@gmail.com, Add- Ward 14, Fort Road Gohad, Dist- Bhind (M.P.)

क्रमांक / नामान्तरण–शाखा / न.पा. / 2023 / 1332 गोहद दिनांक 19-6-2023

**सार्वजनिक सूचना बाबत नामान्तरण**

सर्व साधारण की जानकारी के लिये एतद्व द्वारा सूचना दी जाती है, कि निम्नलिखित आवेदकों के आवेदन बावत् नामान्तरण भवन/भूमि स्वामित्व व अधिपत्य प्राप्त होकर नगरपालिका अभिलेखों में नाम परिवर्तन बावत विचाराधीन है। जिस किसी को इस वावत कोई आपत्ति हो तो वह सूचना जारी दिनांक से अन्दर म्याद 30 दिवस अपनी लिखित उज्रदारी संबंधित अभिलेखों व स्वामित्व प्रमाणों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।

**विवरण निम्नानुसार है**

| क्रं. | प्र.क्रं. | नम आवेदक व पता | जिसके बजाय नामान्तरण चाहा गया है | वार्ड क्रं./गली मोहल्ला का नाम जहॉ पर भवन/भू–खण्ड स्थित है। | स्वामित्व के प्रकरण जिसके आधार पर नामान्तरण चाहा गया है। | विवरण भवन/भूमि /प्लाट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | $\frac{53}{2023} \times \frac{3}{11}$ | जरीना बेगम पत्नि जाहिद खॉ नि.वार्ड क्रं.15 गोहद | आवादी बाई बेबा पत्नि मुबारक अली नि.वार्ड क्रं.15 गोहद | वार्ड क्रं.15 | वसीहत नामा<br>मृत्यु प्रमाण पत्र<br>शपथ पत्र | भवन |
| 02 | $\frac{54}{2023} \times \frac{3}{11}$ | सोमलता गुप्ता पत्नि विजय गुप्ता नि.इटायली गेट गोहद | 1. सुनीता जैन पुत्री रतीराम जैन पत्नी विक्रम जैन नि. वार्ड नं.34 देव नगर कॉलोनी पेच नं.02 जैन मंदिर वाली गली भिण्ड (म.प्र.)<br>2. ममता जैन पुत्री रतीलाल जैन पत्नी दिलीप जैन 18 कालौनी दुर्गापुरी नजदीक आर.पी. कालोनी तानसेन रोड ग्वालियर<br>3. प्रदीप कुमार जैन पुत्र गुलाबचन्द्र जैन सदर बाजार वार्ड नं. 06 पोरसा,मुरैना | वार्ड क्रं.07 | रजिस्ट्री | भवन |
| 03 | $\frac{55}{2023} \times \frac{3}{11}$ | निरोत्तम राठौर पुत्र भीकाराम नि.वार्ड नं.05 गोहद | नरेंन्द्र सिंह पुत्र ओंकार सिंह ग्राम छीमका तह.गोहद | वार्ड क्रं.18 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन, खसरा | प्लाट |
| 04 | $\frac{56}{2023} \times \frac{3}{11}$ | पूजा राठौर पत्नि निरोत्तम राठौर नि. रठियनपुरा वार्ड 05 गोहद, भिण्ड | गजेन्द्र सिंह पुत्र ओंकार सिंह ग्राम छीमका तह.गोहद | वार्ड क्रं.18 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन<br>खसरा | प्लाट |
| 05 | $\frac{57}{2023} \times \frac{3}{11}$ | ऊषा देवी पत्नि इन्दल सिंह तोमर नि.वार्ड 18 गोहद | भारत सिंह, राजेनद्र सिंह, रामवीर सिंह पुत्रगण गनेश सिंह नि.ग्राम छीमका पर. गोहद | वार्ड क्रं.18 | रजिस्ट्री | प्लाट |
| 06 | $\frac{58}{2023} \times \frac{3}{11}$ | ऊषा देवी पत्नि इन्दल सिंह तोमर नि.वार्ड 18 गोहद | भागीरथ पुत्र रामचरन जाति कुशवाह नि. अल्देवसिंह का पुरा मजरा चक छीमका पर. गोहद | वार्ड क्रं.18 | रजिस्ट्री | प्लाट |
| 07 | $\frac{59}{2023} \times \frac{3}{11}$ | संजय,शंकर रामनिवास पुत्रगण भजनलाल प्रजापति नि.ग्राम विरगवा तह.मेहगॉव जिला भिण्ड (म.प्र.) | धन्तो वार्द/गोविन्दी गली काजी तनवीर भिण्ड बैजन्ती बाई/गोविन्दी ग्राम वुलवुल पुरा जिला ग्वालियर मालती वाई/गोविन्दी कीरतपुरा गोहद चौराहा | वार्ड क्रं.18 | रजिस्ट्री | प्लाट |
| 08 | $\frac{60}{2023} \times \frac{3}{11}$ | सूरतराम राठौर, राघवेन्द्र राठौर पुत्रगण स्व.श्री सरनाम सिंह नि.वार्ड क्रं.03 इटायली गेट गोहद | स्व. श्री सरनाम सिंह राठौर पुत्र गोकुल प्रसाद राठौर नि. वार्ड क्रं.03 गोहद | वार्ड क्रं.03 | रजिस्ट्री, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र | भवन |
| 09 | $\frac{61}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती ऊषा पत्नि राघवेन्द्र प्रसाद नि.वार्ड क्रं.12 गोहद | राघवेन्द्र प्रसाद पुत्र दुर्गा प्रसाद नि.गोहद | वार्ड क्रं. 17 | रजिस्ट्री<br>खसरा<br>भू–पुस्तिक | प्लाट |
| 10 | $\frac{62}{2023} \times \frac{3}{11}$ | परमानंद शर्मा पुत्र बालमुकुन्द शर्मा नि.ग्राम छीकमा हॉल वार्ड 17 साईपुरम गोहद चौराहा गोहद | राकेश सिंह पुत्र बलवन्त सिंह तोमर नि. मुरार गोहद | वार्ड क्रं. 17 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन<br>खसरा | प्लाट |
| 11 | $\frac{63}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती सरस्वती पत्नि कमलेश कुशवाह नि. वार्ड क्रमांक 02 गोहद | 1. राकेश अग्रवाल पुत्र कैलाश नारायण नि.गोहद<br>2. सोनेराम शर्मा पुत्र जानकी प्रसाद नि.गोहद<br>3. मोहर सिंह गौड़,रामकिशोर गौड़ पुत्रगण सोबरन सिंह नि. गोहद<br>4. वैजनाथ कुशवाह,रामसिंह कुशवाह पुत्रगण ग्यासीराम नि. गोहद | वार्ड क्रं.16 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन | प्लाट |
| 12 | $\frac{64}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती जमुना वाई पत्नि मायाराम राठौर नि. वार्ड 13 गोहदी गेट गोहद | प्रीतम सिंह पुत्र दुर्गाप्रसाद नि.वार्ड क्रं.03 गोहद | वार्ड क्रं.01 | रजिस्ट्री | प्लाट |
| 13 | $\frac{65}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती रानी पत्नि विश्राम सिंह नि.ग्राम तेहरा तह गोहद | रामराज सिंह पुत्र बचन सिंह ग्राम तेहरा तह गोहद | वार्ड क्रं.18 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन | प्लाट |
| 14 | $\frac{66}{2023} \times \frac{3}{11}$ | रमेश पुत्र स्व.गोपीराम कुशवाह नि.वार्ड क्रं.09 गोहद | मायाराम कुशवाह पुत्र स्व.श्री गोपीराम कुशवाह नि.वार्ड 09 गोहद | वार्ड क्रं.09 | शपथ पत्र<br>पंचनामा | भवन |
| 15 | $\frac{67}{2023} \times \frac{3}{11}$ | रामप्रकाश कुशवाह पुत्र स्व. गोपीराम कुशवाह नि.वार्ड क्रं. 09 गोहद | मायाराम कुशवाह पुत्र गोपीराम कुशवाह नि.वार्ड 09 गोहद | वार्ड क्रं.09 | शपथ पत्र<br>पंचनामा | भवन |
| 16 | $\frac{68}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती रजनी माझी पत्नि दाताराम माझी नि. वार्ड 15 वरथरा गेट गोहद | ववूसिंह पुत्र हरविलास नि. वार्ड क्रं.13 किला रोड गोहद | वार्ड क्रं.16 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन<br>खसरा | प्लाट |
| 17 | $\frac{69}{2023} \times \frac{3}{11}$ | संजू खॉ पुत्र रज्जाक खॉ नि. वार्ड क्रं.05 नूरगंज गोहद | मुन्ना खॉ पुत्र असरफ खॉ नि.वार्ड क्रं. 05 मौरोड गोहद | वार्ड क्रं.05 | रजिस्ट्री<br>डायवर्सन | प्लाट |
| 18 | $\frac{70}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती सुमन पत्नि इन्द्रजीत सिंह नि.ग्राम धनेटा तह.पोरसा जिला मुरैना | श्रीमती राखी देवी पत्नि राघवेन्द्र सिंह ग्राम छीमका तह. गोहद | वार्ड क्रं.18 | डायवर्सन<br>रजिस्ट्री+भू–पुस्तिका<br>भू–अधिकार पुस्तिका | प्लाट |
| 19 | $\frac{71}{2023} \times \frac{3}{11}$ | 1. श्री जगदीश,नरेश पुत्रगण स्व. टुण्डेराम प्रजापति<br>2. श्रीमती सुनीता पत्नि स्व. रामगोपाल,निर्मला पत्नि स्व. राजेन्द्र नि.वार्ड क्रं.09 नहर मौहल्ला गोहद | श्री टुण्डेराम पुत्रगण गुन्धारीलाल प्रजापति नि.वार्ड क्रं. 09 गोहद | वार्ड क्रं.09 | शपथ–पत्र<br>मृत्यु प्रमाण पत्र | भवन |
| 20 | $\frac{72}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्री रामलखन पुत्र बलवंत सिंह नि. निवरौल तह. गोहद जिला भिण्ड | श्री गनपति सिंह,श्री सूरजपाल सिंह नि.सुज्जे का पुरा तह.गोहद भिण्ड | वार्ड क्रं.17 | डायवर्सन<br>खसरा<br>रजिस्ट्री | प्लाट |
| 21 | $\frac{73}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती रामकली पत्नि स्व. किशोरी नि. खटीक मौहल्ला वार्ड क्रं.04 गोहद | श्री रामगोपाल, रामऔतार पुत्रगण विहारीलाल नि. खटीक मौहल्ला वार्ड क्रं.04 गोहद | वार्ड क्रं.04 | रजिस्ट्री<br>शपथ–पत्र<br>मृत्यु प्रमाण पत्र | भवन |
| 22 | $\frac{74}{2023} \times \frac{3}{11}$ | संजय सिंह यादव पुत्र श्रीवावू सिंह यादव नि.घमसा रोड वार्ड क्र16 गोहद | पुस्तैनी | वार्ड क्रं.16 | डायवर्सन ,भू–अधिकार पुस्तिका,खातावार खतौनी,खसरा,लिखितम सहमति पत्र | प्लाट |
| 23 | $\frac{75}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्री शिवराज सिंह पुत्र राम अवतार सिंह नि. वार्ड क्रं. 17 गोहद | श्री कल्ला उर्फ कलियान पुत्र श्री नब्बा उर्फ नबाब | वार्ड क्रं.17 | डायवर्सन<br>खसरा<br>रजिस्ट्री | प्लाट |
| 24 | $\frac{76}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्री निशांत सिंह, गुलझार सिंह,दिलवाग सिंह पुत्रगण स्व.श्री बलवीर सिंह नि. स्टेशन रोड वार्ड क्रं. 18 गोहद | श्री बलवीर सिंह पुत्र स्व श्री नन्दसिंह नि.वार्ड 18 स्टेंशन रोड गोहद | वार्ड क्रं.18 | खसरा<br>लिखितम सहमति पत्र<br>मृत्यु प्रमाण पत्र | भवन |
| 25 | $\frac{77}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री माखन सिंह नि.वार्ड क्रं.17 कीरतपुरा गोहद | श्री माखन सिंह पुत्र श्री स्व. राजनाथ सिंह नि.वार्ड क्रं.17 कीरतपुरा गोहद | वार्ड क्रं.17 | डायवर्सन<br>खसरा<br>नक्शा | प्लाट |
| 26 | $\frac{78}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री माखन सिंह नि.वार्ड क्रं.17 कीरतपुरा गोहद | श्री माखन सिंह पुत्र श्री स्व. राजनाथ सिंह नि.वार्ड क्रं.17 कीरतपुरा गोहद | वार्ड क्रं.17 | डायवर्सन<br>खसरा<br>नक्शा | प्लाट |
| 27 | $\frac{79}{2023} \times \frac{3}{11}$ | नरेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री अगरचन्द्र जैन नि. वार्ड 14 मारकन्डेश्वर मंदिर | श्री अगरचन्द्र जैन पुत्र श्री मूलचन्द्र जैन नि. वार्ड 14 मारकन्डेश्वर मंदिर | वार्ड क्रं.14 | मृत्यु प्रमाण पत्र<br>लिखितम पारिवारिक व्यवस्था विलेख<br>लिखितम सहमति पत्र | भवन |
| 28 | $\frac{80}{2023} \times \frac{3}{11}$ | विशाल राठौर, कुलदीप पुत्रगण श्री मुरारीलाल राठौर नि.ऐचाया रोड वार्ड 05 गोहद | तिलक सिंह पुत्र फतेंह सिंह नि.वार्ड 05 गोहद | वार्ड क्रं.05 | शपथ पत्र<br>रजिस्ट्री विक्रय पत्र | भवन |
| 29 | $\frac{81}{2023} \times \frac{3}{11}$ | देवेन्द्र सिंह तोमर पुत्र रामलखन सिंह नि.वार्ड 18 स्टेशन रोड गोहद | श्रीमती उषा देवी पत्नी श्री अतमेर सिंह नि. ग्राम सुहास गोहद | वार्ड क्रं.18 | डायवर्सन<br>खसरा<br>रजिस्ट्री | प्लाट |
| 30 | $\frac{82}{2023} \times \frac{3}{11}$ | श्रीमती सरिता शर्मा पत्नि श्री संतोष कुमार बरूआ नि. वार्ड 15 सती बाजार गोहद | 1. श्रीमती मीरा शर्मा पत्नि लखनलाल नि.ग्राम पीपरी अटेर भिण्ड<br>2. श्रीमती संगीता शर्मा पत्नि श्री कालीचरन शर्मा ग्राम तुकेड़ा गोहद | वार्ड क्रं.16 | डायवर्सन<br>भू–अधिकार पुस्तिका<br>खसरा<br>रजिस्ट्री | प्लाट |

उपराजस्व निरीक्षक
नगरपालिका परिषद गोहद
जिला भिण्ड (म.प्र.)

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद गोहद
जिला भिण्ड (म.प्र.)

# एनएसयूआई ने राहुल गांधी के जन्मदिन पर खोली मोहब्बत की दुकान केक काटकर एक दूसरे को गुलाब का फूल भेंटकर मनाया जन्मदिन




कॉग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर कांग्रेस पार्टी के सभी विंगों द्वारा अलग-अलग तरीके से उनका जन्मदिन मनाया गया मध्यप्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष आशुतोष चौकसे द्वारा भी अपने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि अपने-अपने जिलों में राहुल गांधी जी के जन्मदिन पर नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलकर राहुल गांधी जी जन्मदिन मनाया जाये। इसी क्रम में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी अहमद ने भी राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर महाविद्यालय कोतमा के प्रांगण में सेल्फी पॉइंट लगाकर नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोली जहां पर छात्र संगठन नेता एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं ने अपनी अपनी सेल्फी खिंचवाई और एक दूसरे को गुलाब का फूल भेंटकर अमन चैन शांति व भाईचारे का संदेश दिया। तत्पश्चात उपस्थित सभी छात्र नेताओं एवं महाविद्यालय छात्रों ने केक काटकर तथा एक दूसरे को केक खिलाकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। उक्त कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रफी अहमद के साथ छात्र नेता निखिल सोनी मो. सोहेल मो. समीर तरुण यादव शाहबाज हुसैन, ओम सिंह, असलम सुमित सेन अंशु केवट, मदन सिंह आशीष कुमार गौतम रवि दिनकर गौरव नामदेव, संदीप पयासी, किशन चौधरी, कान्हा पाण्डेय, मयूर सिंह, निजाम अंसारी सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।



# युवा कांग्रेस ने नगर के मुख्य मार्गो में निकाली भारत जोड़ो यात्रा, आतिशबाजी के साथ केक काट मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

दिनांक 19 जून को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिन था, देश भर में कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अपने नेता का जन्मदिन मनाया गया साथ ही अलग-अलग तरीके का अंदाज भी देखने को मिला किसी ने मोहब्बत की दुकान खोली, तो किसी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली, तो किसी ने केक काटकर, तो किसी ने गरीबों में सामग्री वितरण कर अपने नेता राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। इसी क्रम में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान ने अपने कार्यालय से कोतमा नगर के सभी मुख्य मार्गो में, भारत जोड़ो यात्रा एवं हैप्पी बर्थडे राहुल जी का बैनर हाथों में लेकर राहुल गांधी जिंदाबाद, कमलनाथ जिंदाबाद, जोड़ो-जोड़ो भारत जोड़ो नारे के साथ भारत जोड़ो यात्रा निकाली। जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस पदाधिकारी नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे। अंत में यात्रा नगर के प्रमुख चौराहे गांधी चौक पहुंची जहां पर युवा कांग्रेस नेताओं ने गर्मजोशी के साथ राहुल गांधी जिंदाबाद, हैप्पी बर्थडे राहुल जी के नारे से सदाओ को बुलंद किया, तथा रागा लिखे हुए सुसज्जित केक को एक गरीब बच्चे से कटवाकर भव्य आतिशबाजी के साथ राहुल गांधी जी का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान कहा कि भाजपा देश में नफरत की राजनीति फैला रही है, लोगों को धर्म के नाम पर लड़ाया जा रहा है, जबकि असल मुद्दे बेरोजगारी, महंगाई और महिलाओं पे अत्याचार हैं, जिसको लेकर केंद्र सरकार चुप है। भाजपा देश को तोड़ने का काम कर रही है, जिसे देखते हुए राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा शुरू की और उसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं। हम अपने नेता के जन्मदिन को खास बनाने के लिए उनके द्वारा दिए गए एकता और भाईचारे के संदेश को भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से लोगों तक पहुंचा रहे हैं, इसलिए हमने आज एक दिवसीय भारत जोड़ो यात्रा निकाली है। इस दौरान जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान के साथ जिला महासचिव मानवेंद्र मिश्रा, शिवम सराफ, आईटी सेल जिलाध्यक्ष समीर पयासी, ब्लॉक अध्यक्ष कोतमा नदीम अशरफी, बिजुरी अमित धनवार, राजनगर विजय साहू, युवा नेता उदय अहिरवार, रवि जायसवाल, अभिषेक साहू, विनय शुक्ला, मो. इब्राहीम, शिवकुमार बर्मन, आलोक राज जैन, वेद प्रकाश पांडे, भोले शुक्ला, फरसराम चौधरी, जय प्रकाश पांडे, मोहम्मद इरफान, महेश धनवार, भागवत, युवा पार्षद सिरमन पाव, विनय शुक्ला, विकाश पांडे, किशन चौधरी गौरव नामदेव, शाहबाज हुसैन, रवि दिनकर, राहुल धुरिया, सूरज गुप्ता, राहुल, राजवीर साकेत, रियाज़ अंसारी, संदीप पयासी एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जान्हवी कपूर ने 'उलझ' की शूटिंग शुरू की



जान्हवी कपूर, गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू स्टारर 'उलझ' की शूटिंग लंदन में शुरू हो गयी है। फिल्म 'उलझ' की शूटिंग लंदन में शुरू हो गई है। यह पहली बार है जब जान्हवी और गुलशन देवैया एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।देशभक्ति पर आधारित इस थ्रिलर फिल्म में भारतीय विदेश सेवा की प्रतिष्ठित और पेचीदा दुनिया को दिखाया गया है।

इस फिल्म की शूटिंग सेट से हाल ही में जान्हवी ने एक तस्वीर भी शेयर की है।


सुधांशु सरिया के निर्देशन बन रही फिल्म उलझ में जान्हवी कपूर और गुलशन देवैया के अलावा रोशन मैथ्यू, राजेश तेलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी जैसे कलाकार नजर आयेंगे।

## आर माधवन ने फिल्म टेस्ट की शूटिंग पूरी की



बॉलीवुड अभिनेता आर माधवन ने अपनी आने वाली फिल्म टेस्ट की शूटिंग पूरी कर ली है। शशिकांत द्वारा निर्देशित स्पोर्ट्र्स ड्रामा फ़ल्मि 'टेस्ट' की शूटिंग आर माधवन ने पूरी कर ली है। फ़ल्मि टेस्ट की कहानी एक टेस्ट क्रिकेट मैच के इर्दगिर्द घूमती है। इस फ़ल्मि से आर माधवन ,सिद्धार्थ और नयनतारा की मुख्य भूमिका है। आर माधवन ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा कि 'टेस्ट' खत्म हुआ। लोगों के सबसे अच्छे सेट के साथ काम करने का मुझे सौभाग्य मिला। एक शानदार डेब्यू डायरेक्टर और अविश्वसनीय अविश्वसनीय और दिमाग उड़ाने वाले सह-कलाकार। आप सब देखोगे।

## दिसंबर में रिलीज होगी शाहिद-कृति की फिल्म



बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और अभिनेत्री कृति सेनन की जोड़ी वाली फिल्म 07 दिसंबर को रिलीज होगी। शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा जियो स्टूडियोज ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर शेयर की।

जियो स्टूडियोज ने लिखा, अपने कैलेंडर में इस नामुमकिन लव स्टोरी की डेट मार्क कर लिए, जोकि 07 दिसंबर 2023 है। कृति सेनन- शाहिद कपूर स्टारर ये फिल्म जियो स्टूडियोज दिनेश विजन संग मिलकर ला रहा है।शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर इस अनटाइटल फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह कर रहे हैं।



## अपने मुश्किल फैसलों के बारे में खुलकर बोली काजोल

बॉलीवुड की मशूहर अभिनेत्री काजोल जल्द ही अपनी आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज 'द ट्रायल - प्यार, कानून, धोखा' में एक वकील, नयोनिका सेनगुप्ता की भूमिका में नजर आएंगी। काजोल ने अपने अब तक के करियर से जुड़े मुश्किल पलों के बारे में खुलकर बात की। अपने जीवन के सबसे कठिन समय के बारे में बताते हुए, काजोल ने कहा कि वास्तव में, मेरे जीवन में बहुत सारे ऐसे पल आए जहां मुझे कठिन निर्णय लेने पर मजबूर होना पड़ा। मैंने अपने करियर के पीक समय में शादी का निर्णय लिया।

मैं फिल्म उद्योग में शामिल हो गई। यह मेरे लिए गेम चेंजर था, क्योंकि मुझे नहीं पता था कि मैं फिल्म उद्योग में शामिल होना चाहती हूं या नहीं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे याद है कि मेरे पिता ने उस समय मुझे बहुत सावधानी से सोचने के लिए कहा था, क्योंकि आप जानते हैं, आप अपने चेहरे पर लगे इस रंग से कभी छुटकारा नहीं पाएंगे।

एक बार जब आप इसे लगा लेते हैं, तो यह हमेशा के लिए लगा रहता है। मुझे याद है, मन ही मन में सोच रही थी कि मैं अपनी इस इमेज को चेंज कर सकती हूं, बेशक, समय ने साबित कर दिया है कि मैं सही हूं। बता दें कि 'द ट्रायल - प्यार, कानून, धोखा' में शीबा चड्डा, जिशु सेनगुप्ता, एली खान, कुब्रा सेत और गौरव पांडे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह सीरिज 14 जुलाई से ओटीटी प्लेटफार्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर देखने को मिलेगी।

## नेपाल में पूरी तरह से बंद 'आदिपुरुष' की स्क्रीनिंग

फिल्म 'आदिपुरुष' में सीता के जन्मस्थान को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद नेपाल में फिल्म की स्क्रीनिंग बंद कर दी गई है। नेपाल में फिल्म के एकमात्र वितरक मनोज राठी ने बताया कि पूरे देश में स्क्रीनिंग रोक दी गई है। काठमांडू के मेयर बालेन शाह ने 15 जून को नेपाल की राजधानी में सिनेमा हॉल को निर्देश दिया था कि जब तक निर्माता सीता के जन्मस्थान की गलती को सुधार नहीं लेते, तब तक फिल्म की स्क्रीनिंग की अनुमति नहीं दी जा सकती। नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 5 और 56 (6) का हवाला देते हुए, शाह ने कहा कि संघीय, प्रांतीय और स्थानीय सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे राष्ट्रीय हितों की रक्षा करें और बिना किसी बदलाव के फिल्म की स्क्रीनिंग की अनुमति देने से नेपाल की राष्ट्रीयता, सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय पहचान को अपूरणीय क्षति हो सकती है। मेयर की चेतावनी के एक दिन बाद, काठमांडू के सभी सिनेमाघरों ने सुरक्षा कारणों से 'आदिपुरुष' की स्क्रीनिंग बंद कर दी। मेयर ने रविवार को फिल्म के खिलाफ अपने विरोध का आह्वान किया और सिनेमा हॉल से फिल्म को प्रदर्शित नहीं करने का आग्रह किया, जब तक कि फिल्म निर्माता कथित गलती को ठीक नहीं कर लेते। नेपाल के सेंसर बोर्ड ने भी फिल्म की स्क्रीनिंग की मंजूरी को वापस लेने का फैसला किया है। नेपाल फिल्म यूनियन के वाइस चेयरमैन भास्कर धुनगाना ने कहा, हमने सुरक्षा कारणों से फिल्म की स्क्रीनिंग बंद करने का फैसला किया है। रामायण के अनुसार, सीता का जन्म जनकपुर में हुआ था, जो नेपाल में पड़ता है और भगवान राम ने आकर उनसे विवाह किया था।



## 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का नया पोस्टर रिलीज

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और अभिनेत्री आलिया भट्ट स्टारर 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। बॉलीवुड फिल्मकार करण जोहर इन दिनों फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' बना रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की मुख्य भूमिका है। करण जोहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह का लुक देखने लायक है। जहां आलिया भट्ट रेड साड़ी में नोज पिन पहने बेहद प्यारी लगीं। वहीं रणवीर सिंह भी रेड आउटफिट में डेशिंग लगे।



पोस्टर के अनुसार 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' का टीजर कल यानी 20 जून को रिलीज होगा। यह फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्टर को शेयर करते हुए करण जोहर ने लिखा, प्यार के दौरान की बस केवल शुरुआत हुई है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीजर कल रिलीज हो जाएगा तो याद रखें। फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी मुख्य भूमिका में हैं।

बहुरंग

## फिल्म 'बवाल' जुलाई में डिजिटली होगी रिलीज



एक्टर वरुण धवन और जान्हवी कपूर की नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित अपकमिंग फिल्म 'बवाल' जुलाई में डिजिटली रिलीज होगी। निर्देशक नितेश तिवारी ने कहा कि फिल्म की डिजिटल रिलीज से 'बवाल' को देश से बाहर के दर्शकों तक ले जाने में मदद मिलेगी। तिवारी ने कहाः तीन इंडियन लोकेशन्स और पांच यूरोपीय देशों में शूट की गई 'बवाल' की कहानी बेहद आकर्षक है। वरुण और जाह्न्वी के बीच अद्भुत केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। मेरा मानना है कि प्राइम वीडियो पर वर्ल्डवाइड प्रीमियर हमें 'बवाल' को भारत और देश के बाहर दर्शकों तक ले जाने में मदद करेगा। हमने इस फिल्म को अपने दर्शकों तक पहुंचाने के लिए बहुत जुनून और प्रतिबद्धता के साथ काम किया है और अब हम उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।

निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने कहा कि प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली 'बवाल' उनके लिए एक बहुत ही खास फिल्म है, और उनकी सबसे खास प्रोजेक्ट्स में से एक है। उन्होंने कहाः इस फिल्म के निर्माण में काफी मजा आया, जिसे मेरे सबसे पसंदीदा फिल्म निर्माता नितेश तिवारी ने निर्देशित किया है, इसमें वरुण और जाह्न्वी ने अपना बेस्ट दिया है। मुझे 'बवाल' पर बहुत गर्व है, और मैं इस जुलाई में प्राइम वीडियो पर इसके वर्ल्डवाइड प्रीमियर को लेकर रोमांचित हूं।

दिलचस्प

## प्रियंका चोपड़ा ने शेयर की निक जोनस की फोटो



मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस ने फादर्स डे के मौके पर दिल को छू लेने वाला पोस्ट किया। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्ट में एक्ट्रेस ने अपने ससुर पॉल केविन जोनस, अपने दिवंगत पिता अशोक चोपड़ा के लिए एक खास नोट लिखा और बेटी मालती मैरी की अपने पापा और दादा के साथ फोटोज की एक सीरीज पोस्ट की। पहली फोटो में निक, मालती के साथ बुक पढ़ते हुए नजर आ रहे है। दोनों किताब में देख रहे हैं। एक अन्य फोटो में उनके ससुर मालती को गोद में लिए खड़े दिखाई दे रहे हैं। तीसरी फोटो में प्रियंका के पिता अशोक चोपड़ा और उनकी मां मधु चोपड़ा हैं।

फोटो शेयर करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा, यह आपके सबसे बड़े चैंपियन हैं.. जब आप जीतेंगी तो सबसे ज्यादा यही खुश होंगे। आपके आंसू इनका दिल तोड़ देंगे। वह आपको कभी नहीं दिखाएंगे कि उन्हें किसी बात का बुरा लगा है। उनकी खुशी आपकी खुशी है। यह आपके दादा, डेड या पापा- आप जो बुलाना चाहें-वो हैं। मैं आपसे प्यार करती हूं, निक मेरा होने के लिए धन्यवाद। मैं बहुत भाग्यशाली हूं। प्रियंका ने अपने ससुर पॉल केविन जोनस के लिए लिखा, लव यू पापा, आप हमारे लिए हमेशा स्पेशल रहेंगे। पोस्ट को खत्म करते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, हैप्पी फादर्स डे। हो सके तो उन्हें गले लगा लेना। मिस यू पापा।

विचार पेज का शेष

## रेवड़ी संस्कृति और सार्वजनिक कर्ज

लोकतांत्रिक व्यवस्था में आर्थिक संकट और सामाजिक असंतोष को इसी तरह साधे रखा जा सकता है।

तर्क यह भी दिया जा सकता है कि भारत मुफ्त अनाज और चिकित्सा बीमा, रोजगार के लिए लोकनिर्माण कार्यक्रम, वृद्ध, निर्धन और बेरोजगार जैसे निशक्त वर्गों को नकद भुगतान; यहां तक कि मुफ्त या सब्सिडी पर बिजली, रसोई गैस और आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराकर असल में सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में अनियोजित और अव्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ रहा है।

फिर शिकायत करने वाला कौन है? निश्चित तौर पर, एक ऐसी अर्थव्यवस्था—जिसमें गरीबी आज भी जड़ें जमाए है और असमानता बढ़ रही है, और (जैसा थोरो ने 19वीं शताब्दी के मध्य में लिखा था) 'ज्यादातर पुरुष हताशा भरा जीवन जीते हैं'—में एयर इंडिया, सरकारी स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनियों और सरकारी बैंकों के घाटे को दरकिनार करने के लिए ऐसी कल्याणकारी व्यवस्था पर हजारों करोड़ खर्च करना ही एक बेहतर विकल्प माना जाएगा। इसमें सबसे बड़ी बाधा, हमेशा की तरह, धन ही है, और यहां तक कि धनी देश भी अपनी कल्याणकारी योजनाओं को लेकर इस पहलू पर मंथन कर रहे हैं।समृद्ध दिल्ली तो मुफ्त बिजली देना वहन कर सकती है, लेकिन कर्ज में डूबे पंजाब का क्या? 'रेवड़ी' बांटने की आलोचना करते समय प्रधानमंत्री ने जो सवाल उठाया। वो भी जायज ही हैः कहीं ये रेवड़ियां अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे में निवेश की कीमत पर तो नहीं बांटी जा रही हैं?

दूसरे ढंग से देखें, तो क्या भारत पूरी क्षमता के साथ ऐसी बड़ी उत्पादक अर्थव्यवस्था तैयार कर पा रहा है जिसमें टैक्स भुगतान की बदौलत कल्याणकारी प्रणाली के लिए भुगतान करना संभव हो? इसका उत्तर यही है कि तीन दशकों में प्रति व्यक्ति आय चौगुनी होने के बावजूद टैक्स और जीडीपी अनुपात में मामूली सुधार ही हुआ है।

तो क्या हम केवल सार्वजनिक ऋण का बोझ बढ़ा रहे हैं, जिसे संतुलित करने पर ही कर राजस्व का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा खर्च हो जाता है? राजनीति और अर्थव्यवस्था के बीच इस बेहद अहम समीकरण पर तत्काल सार्वजनिक बहस की जरूरत है। नीति आयोग या किसी निजी थिंक टैंक को यह मोर्चा संभालने के लिए आगे आना चाहिए।

# महारानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर हुई विचार गोष्ठी

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। वीरांगना लक्ष्मीबाई का बलिदान अद्भुत एवं सराहनीय है। देश के लिए शौर्य , पराक्रम एवं साहस के साथ अंग्रेजों से युद्ध करते-करते ग्वालियर की धरा पर वीरगति को वह प्राप्त हुईं। उनके साथ 745 से अधिक साधु- संतों ने भी अपने प्राणों की आहुति दी। उन सब की इस बलिदानी परंपरा को हम सब देशवासी नमन् करते हैं। वीरांगना के चरणों में नतमस्तक होकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इसी भाव को लेकर आज गोविंदपुरी, थाटीपुर, ग्वालियर स्थित श्र सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा के आवास पर एक ÷विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसमें प्रमुख तौर पर वरिष्ठ गीतकार घनश्याम भारती, वरिष्ठ गीतकार राजेश शर्मा, उद्धव साहित्यिक मंच के उपाध्यक्ष, साहित्यकार सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा, जगदीश महामना, साहित्यकार रामचरण रुचिर एवं डॉ .प्रदीप नरवरिया आदि ने सहभागिता की। सभी ने महारानी लक्ष्मी बाई के जीवन पर अपने विचार रखते हुए विचारों में तत्कालीन परिस्थितियों, देश-काल एवं आंग्ल आक्रांताओं सहित अनेक संघर्षों से लड़ती हुई महारानी लक्ष्मी बाई के जीवन की शौर्य गाथाएं प्रस्तुत कीं। जगदीश गुप्त महामना ने कहा,महारानी लक्ष्मी बाई ने बलिदान एवं पराक्रम का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत किया। रामचरण रुचिर ने अपने वक्तव्य में उनके जन्म की एवं वीरगति तक की घटनाओं के साथ -साथ में त्याग, बलिदान एवं शौर्य की प्रतिमूर्ति महारानी लक्ष्मी बाई को साहस की देवी बताया। उन्होंने इसके साथ ही अधिकारी



भाई एवं 745 अधिक से साधु संतो के द्वारा अपने प्राणों के बलिदान की घटना को भी त्याग एवं बलिदान की पराकाष्ठा बताया। अगले क्रम में गीतकार राजेश शर्मा ने अंग्रेजों से लोहा लेने वाली महारानी लक्ष्मी बाई को साहस और आत्मविश्वास का प्रतीक बताया ,जैसे अंग्रेजों को चुनौती देकर÷ बिल्ली के गले में घंटी बांधने जैसा साहसिक कार्य बताया। सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा ने महारानी लक्ष्मीबाई के जन्म की परिस्थितियां जिसमें उनके शस्त्रों, बरछी, भाला,कृपाण कटारी के साथ युद्ध कौशल सीखने की कला का निपुण बताया। उन्होंने कहा झांसी के महाराजा गंगाधर राव के निधन के पश्चात् उनके बारिश के रूप में महारानी द्वारा दामोदर राव को गोद लेने पर अंग्रेजों की कूटनीति का शिकार हुईं महारानी का साथ देने वाली उन्हीं की कद काठी की वीरांगना झलकारी बाई के शौर्य का वर्णन भी उन्होंने उल्लेखित किया। आंतरिक चुनौतियां जैसे महाराजा दतिया एवं महाराजा ओरछा आदि के द्वारा भी उन पर आक्रमण करने की घटनाओं को लेकर झलकारी बाई का बलिदान उल्लेखनीय रहा। अतः आंतरिक एवं वाह्य सभी शक्तियों से रानी ने बहुत साहस पूर्ण तरीके से डटकर सामना किया। महारानी लक्ष्मीबाई की वीरगति के साथ ही अन्य घटनाओं को भी उल्लेखित किया गया। अंत में घनश्याम भारती द्वारा महारानी लक्ष्मी बाई की निष्ठा देशभक्ति एवं समर्पण को विश्व का श्रेष्ठतम उदाहरण बताया। वर्तमान में आगामी पीढ़ी एवं समाज को उनसे प्रेरणा लेकर देशहित में समर्पण भाव रखने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम बहुत ही प्रेरक एवं सराहनीय रहा। ऐसी विचार गोष्ठियों के लिए समय-समय पर एकत्रित होने के लिए भी सुनिश्चित करने का प्रस्ताव रखा गया, जो सर्वसम्मति से मान्य किया गया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाहा ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

### बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में होने वाले 108 विराट विश्वकर्मा

## महामृत्युंजय माँ त्रिपुरा सुंदरी महायज्ञ एवं संत सनातन महासम्मेलन कार्यक्रम में विश्वकर्मा जन संगठन ग्वालियर म.प्र. जन सेवक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

उप संपादक महेंद्र शर्मा जी पुष्पांजलि टुडे



ग्वालियर। विश्वकर्मा जन संगठन ग्वालियर म.प्र. के कार्यकर्ता ग्वालियर से 100 - 125 की जनसंख्या में उज्जैन में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष वेताल विश्वकर्मा, संभाग प्रभारी जुगल किशोर विश्वकर्मा, ग्वा. जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती रानी विश्वकर्मा जी, ग्वा.ग्रामीण अध्यक्ष छबिराज विश्वकर्मा, ग्वा.महानगर जिला अध्यक्ष वीर सिंह विश्वकर्मा, भिंड जिला अध्यक्ष राहुल विश्वकर्मा, भिंड जिला उपाध्यक्ष रामवीर विश्वकर्मा, मौ नगर अध्यक्ष गोविंद विश्वकर्मा, ग्वा. जिला उपाध्यक्ष मोनू विश्वकर्मा, ग्वा. जिला उपाध्यक्ष घनश्याम विश्वकर्मा, ग्वा.जिला महासचिव टिंकू विश्वकर्मा, ग्वा.जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा, ग्वा. जिला सचिव रवि विश्वकर्मा, ग्वा. जिला सचिव रामनारायण (राजू) विश्वकर्मा, ग्वा. जिला मीडिया प्रभारी पवन विश्वकर्मा ( पत्रकार ) ग्वा.प्रचार मंत्री वीरेंद्र विश्वकर्मा मौ नगर कोषाध्यक्ष गोलू विश्वकर्मा महिला मोर्चा एवं समस्त विश्वकर्मा वंशी सम्मिलित हुए पूरी टीम के साथ भाग लिया।

# ग्वालियर में हो रही बिजली अघोषित कटौती के खिलाफ आम आदमी पार्टी ग्वालियर ईकाई ने ऊर्जा मंत्री का किया घेराव

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। आम आदमी पार्टी इकाई



बेहद सक्रिय नजर आ रही है ग्वालियर में चल रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ आम आदमी पार्टी जिला इकाई ने जिलाध्यक्ष अमित शर्मा एड के नेतृत्व में ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के सरकारी बगले का घेराव किया जिसमे आम आदमी पार्टी के प्रदेश के महा सचिव रोहित गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष रुचि गुप्ता महिला विंग प्रदेश अध्यक्ष मनीषा सिंह तोमर ओबीसी विंग के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कराना यूथ प्रदेश अध्यक्ष विक्रम लोधी प्रदर्शन धरने को संबोधित किया आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में घंटो ऊर्जा मंत्री के बगले का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया आम नेताओ ने अघोषित बिजली जगह जगह बिजली का फाल्ट टूटे तार जिससे साकेत नगर में गाय की खुले पड़े नंगे बिजली के तारों से हुई करंट से हुई मौत, आंकलित खफत के आधार पर बिजली के बिलों के खिलाफ डी डी नगर शताब्दी पुरम, दक्षिण विधानसभा,ग्वालियर 15 ग्रामीण इलाको में हो रही बिजली कटौती जेसी मांगो को लेकर ज्ञापन मंत्री प्रद्युमन सिंह को सोपा उसके पहले प्रशासन की और से एसडीएम प्रदीप तोमर और सीएसपी विजय भदौरिया पड़ाव टीआई प्रशांत यादव पुलिस बल के साथ ज्ञापन लेने ऊर्जा मंत्री के बगले पर आए परंतु आप जिलाध्यक्ष अमित शर्मा और आप नेताओ द्वारा ज्ञापन एसडीएम प्रदीप तोमर को ना देकर मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर को ही बुलाने की बात पर अड़ गए उसके बाद मंत्री प्रद्युमन सिंह को आना पड़ा और आप नेताओ से ज्ञापन लिया और आश्वासन दिया कि बिजली कटौती की समस्या का समाधान करेंगे। आप जिलाध्यक्ष अमित शर्मा ने मीडिया को बताया कि ग्वालियर में पिछले कई दिनों से अघोषित कटौती से ग्वालियर जिले के लोग परेशान हैं जबकि बिजली विभाग के ऊर्जा मंत्री खुद ग्वालियर के ही रहने वाले ग्वालियर जगह जगह हर विधानसभा पूरी पूरी रात लोगो को अंधेरे में बिताने को मजबूर होना पड़ रहा ये बर्दाश्त के बाहर कल बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से एक गाय की साकेत नगर में मौत हो जाती है लोग बिजली विभाग के अधिकारियों को फोन लगाते है बिजली कटौती को लगाते है परंतु बिजली विभाग के लोग घंटो तक नही पहुंचते ना फोन उठाते, आंकलीत खपत से ग्वालियर की जनता बेहद परेशान है और ज्ञान में बिजली के बिलों दिल्ली आम आदमी पार्टी सरकार की तर्ज पर 300 यूनिट मध्यप्रदेश के लोगो को भी दिए जाने की मांग रखी जिलाध्यक्ष अमित शर्मा द्वारा ऊर्जा मंत्री से कहा की अगर 5 दिनों के अंदर बिजली कटौती और ज्ञापन की मांग पूरी नहीं हुई तो आम आदमी पार्टी ग्वालियर की जनता के साथ एक बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी ज घेराव में मुख्यता जिलाध्यक्ष अमित शर्मा,प्रदेश महा सचिव रोहित गुप्ता,प्रदेश उपाध्यक्ष रुचि गुप्ता,महिला विंग प्रदेशअध्यक्ष मनीषा सिंह तोमर,ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र कराना,प्रदेश प्रवक्ता भानु परिहार,यूथ प्रदेश अध्यक्ष विक्रम लोधी प्रदेश सह सचिव कुलदीप बाथम, लोक सभा प्रभारी राहुल गौर,जिला सचिव अनीश खान,यूथ जिलाध्यक्ष ललित



जैसवाल,महिला जिलाध्यक्ष शीला आर्य ओबीसी जिला अध्यक्ष बिनोद पाल,आशीष राय सतीश राय सपन भारद्वाज,सुनील राजपूत,दीपू राजपूत,शंकर लाल कुशवाह,दीपक शाक्य,पाती राम माहोर,मनीष शर्मा,संजय शुक्ला,गोरी शंकर लाल,कृष्ण कुशवाह,तरुण राठौर,ऋषभ चौहान,मनोज कुशवाह,प्रशांत माथुर,सूरज कुशवाह ओपी अभिमन्यु भगवान सिंह कुशवाह,पंकज ठाकुर,डॉक्टर द्वह्य तोमर,नरेंद्र नरेल नेहा घटके, अमरता खंडेलवाल,गोरभ सक्सेना,हमीद खान,सुरेंद्र जायसवाल,अमित जेएस,शिशुपाल यादव,चंद्र पाल भदौरिया,राजू भदौरिया,मनीष वर्मा,दीपक सोनी,जितेंद्र अंब,दीपू तोमर,अर्जुन शर्मा अनिल पाल नरेंद्र कुशवाह गौरभ शर्मा और सेकडो लोग और आप कार्यकर्ता शामिल हुए।




स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478